दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 28 सितम्बर -2024 ● वर्ष: 8 अंक: 349 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य: ₹3


## दिल्ली में एयर पॉल्यूशन पर क्यों भड़क गया सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली : दिल्ली में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को आड़े हाथों लिया। शीर्ष अदालत ने आयोग से कहा कि वह एक निर्देश दिखाए कि उन्होंने सीएक्यूएम अधिनियम का अनुपालन किया है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति किसी से छुपी नहीं है।

एक भी कदम दिखा दीजिए

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ए जी मसीह की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। बेंच ने आयोग से कहा कि अधिनियम का पूरी तरह से गैर-अनुपालन हुआ है। बेंच ने कहा कि क्या समितियों का गठन किया गया है? कृपया हमें उठाए गए एक भी कदम को दिखाएं, आपने अधिनियम के तहत किन निर्देशों का उपयोग किया है? बस हलफनामा देखें।

हमें धारा 12 और अन्य के तहत जारी एक भी निर्देश दिखाएं। बेंच ने कहा कि यह सब हवा में है। उन्होंने एनसीआर राज्यों से जो कहा है, उसके बारे में कुछ भी नहीं दिखाया है। आप मूक दर्शन बने हुए हैं सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने आयोग से कहा कि सब कुछ कागज पर है, आप मूक दर्शक हैं। बेंच ने सीएक्यूएम के अध्यक्ष से पूछा कि आयोग 3 महीने में एक बार क्यों मीटिंग करता है। जब अदालत ने पराली जलाने की समस्या का उल्लेख किया, तो सीएक्यूएम ने कहा, आग की घटनाओं में भारी कमी आई है।

अदालत ने कहा कि सीएक्यूएम अधिनियम की धारा 14 के तहत कोई कार्रवाई की गई? इसमें अधिनियम, नियम, आदेश या निर्देश के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए जुमार्ना लगाना शामिल हैं। हमें ऐसा नहीं लगता।






# दिशा की बैठक में हुई विकास की बात और रचा गया एक अलग ही इतिहास

## पहली बार हुआ ऐसा जब इस बैठक में सारे जनप्रतिनिधि आये एक साथ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस दिशा की बैठक को लेकर अब से पहले जनप्रतिनिधियों की दिशाएं अलग-अलग आतीं थीं। उस दिशा की बैठक में शुक्रवार को एक इतिहास रचा गया। पहली बार ये हुआ कि दिशा की बैठक में सभी जनप्रतिनिधि एक साथ आये। सांसद आये, विधायक आये, मेयर आयीं, जिला पंचायत अध्यक्ष आयीं और संगठन के अध्यक्ष से लेकर देहात के ब्लॉक प्रमुख भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में कई मुद्दे विस्तार से उठे और अलग-अलग बिन्दुओं पर वार्ता हुई।

### सांसद अतुल गर्ग ने मांग लिया अधिकारियों से प्रदूषण का हिसाब



**करंट क्राइम।** अध्यक्ष अतुल गर्ग ने वायु—जल प्रदूषण एवं गंदगी के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए इसके निस्तारण हेतु विस्तार से जानकारी ली। प्रदूषण विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बंध में अनेक फैक्ट्रियों के लगभग 2.5 करोड़ के चालान किए गये हैं और कुछ फैक्ट्रियां सीज कर दी गयी है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि जींस रंगाई फैक्ट्रियों द्वारा कलर और कैमिकल वाला गंदा जल डायरेक्ट भूगर्भ में डाला जा रहा है, जिस पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि जल एवं भूगर्भ जल को दूषित करने वालों के खिलाफ टीम बनाकर अभियान चलाया जाएं और सख्त से सख्त कार्यवाही की जायें। माननीय महापौर ने बताया कि कूड़ा निस्तारण हेतु जल्द ही वेस्ट एनर्जी प्लांट लगाया जा रहे हैं, अधिकांश कूड़े का निस्तारण हो जायेगा। लोनी विधायक ने अवगत कराया कि लोनी क्षेत्र में कुछ जगहों पर रात्रि के समय तार जलाई जाती हैं जिसे रोकना आवश्यक है। बैठक में आदेश दिये गये कि उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायें।

### मेयर ने कहा झुग्गियों में रहने वाले लोगों की जांच



**करंट क्राइम।** महापौर नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पिछले कुछ समय से लोगों द्वारा सड़कों के किनारे झुग्गियां, बस्तियां बनाई जा रही है वहीं विजय नगर में भी डिफेंस की जमीन पर सैकड़ों झुग्गियां बन चुकी है। आने वाले समय में कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसके लिए उक्त लोगों की जांच होनी आवश्यक हैं। साथ ही अवैध झुग्गियों को हटाने का कार्य भी करना चाहिए, जिससे कि शहर का सौंदर्यकरण प्रभावित ना हो सके। इनमें पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करायें जाने चाहिए।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उठाया जर्जर होते सरकारी भवनों का मुद्दा



**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि पूर्वांचल भवन, उत्तरांचल भवन सहित जनपद में बने अनेक ऐसे भवन हैं जो सरकार द्वारा बनवाये गये हैं किन्तु अभी तक उनकी देख—रेख और संचालन का किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं हुआ है। इस मामले में त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता हैं, नहीं तो ये भवन ऐसे ही जर्जर हो जाएगें। माननीय मंत्री जी ने कहा कि हिण्डन नदी को साफ— स्वच्छ बनाने और सौन्दर्यकरण करने की आवशकता है, जिस पर बैठक में माननीय अध्यक्ष महोदय की सहमति से निर्णय लिया गया कि महापौर महोदया हिण्डन नदी की स्वच्छता एवं सुन्दरता हेतु डीपीआर बनाये।

### लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा सड़क बन गई गलत अब होना चाहिए भराव



**करंट क्राइम।** लोनी विधायक ने कहा कि एनएचएआई द्वारा बनाई गई सड़क नाले से बहुत नीचे है जिससे कि नाला ऑवरफ्लो होने पर सड़क पर गंदा पानी जमा हो जाता है और सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है। एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा उक्त क्षतिग्रस्त सड़क को सही कराने का कार्य पीडब्लूडी को सौंपा गया है, जबकि उस सड़क को कम से कम एक मीटर उठाते हुए कार्य होने की आवश्यकता है। माननीय अध्यक्ष जी ने बैठक के माध्यम से पीडब्लूडी को निर्देशित किया कि उक्त सड़क का कार्य एनएचएआई को वापिस सौंपा दिया जाये क्योंकि यह क्षतिग्रस्त सड़क को सही करने का मामला नहीं है अपितु सड़क गलत बनाई गयी है उसे भराव करते हुए बनाने की आवश्यकता है।

### गांव में जर्जर तार और पानी की टंकियों की मरम्मत की उठी बात


**करंट क्राइम।** लोनी, मोदीनगर, मुरादनगर के जनप्रतिधियों द्वारा गांवों में जर्जर तारों और पानी की टंकियों को दूरस्थ कराने की बात कहीं गयी। जिस पर विद्युत विभाग द्वारा बताया कि जर्जर तारों को सही कराने का कार्य निरंतर चल रहा है और यदि कहीं ज्यादा ही जर्जर तार है तो मान्यवर उन्हें लिखित में दे देंगे तो वहां त्वरित कार्यवाही से कार्य करवा दिया जायेगा, बाकि कार्य निरंतर चल रहा है। जल निगम द्वारा बताया गया कि पानी की टंकियों की मरम्मत व देख—रेख का कार्य नगर पंचायत व नगर पालिका परिषद का होता है वह कार्य उन्हें स्वयं करना है। बाकि जल से सम्बंधित कनैक्टीविटी का कार्य निरन्तर चल रहा है।

### सौर ऊर्जा से लेकर साईबर क्राइम पर भी हुई चर्चा

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा विद्युत विभाग सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए कार्य करें। यह विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है कि सौर ऊर्जा से सम्बंधित किसी भी उपभोक्ता को कोई समस्या ना हो। यह सोचते हुए कार्य किया जाये कि यह योजना केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रतिनिधियों द्वारा साइबर क्राइम में पीड़ित की रिर्पोट दर्ज ना होना और न्याय ना मिलना पर सवाल किये गये। एसीपी क्राइम ने बताया कि साइबर क्राइम को लेकर अलग से थाना बनाया गया है, वैसे तो आप इसकी रिर्पोट अपने स्थानीय थाना में कर सकते हैं लेकिन साइबर थाना में करेंगे तो बेहतर होगा। उन्होने कहा कि यदि किसी चौकी से सम्बंधि चौकी प्रभारी आपका फोन नहीं उठाता है तो उस उसके सीनियर ऑफिसरों को कॉल कर सकते हैं, हो सकता है कि वह कुछ अन्य मीटिंग या कार्य में बिजी हो।

## आ गई उत्तर प्रदेश एससी-एसटी आयोग की सरकारी कृपा वाली लिस्ट

### एक बार फिर दिखाई दिया गाजियाबाद के नेताओं की उपेक्षा वाला ट्विस्ट




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकारी कृपा की बात कई दिनों से चल रही थी और गाजियाबाद के चेहरों का जिक्र हो रहा था। इससे पहले महिला आयोग की लिस्ट में गाजियाबाद की उपस्थित जीरो रही थी। फिर एक दूसरी लिस्ट आई थी उसमें भी गाजियाबाद को कोई स्थान नहीं मिला और अब जब उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग की लिस्ट आई है तो उपेक्षा वाला ट्विस्ट दिखाई दिया है। गाजियाबाद के किसी अनुसूचित भगवा चेहरे को इस लिस्ट में स्थान नहीं मिला है। अशोक संत से लेकर सुशील गौतम तक इस लिस्ट में स्थान नहीं बना पाए हैं। इसके अलावा कई अन्य अनुसूचित चेहरे हैं जो इस लिस्ट में आ सकते थे, लेकिन उनको स्थान नहीं मिला है। पड़ोस वाले जिले मेरठ का एक चेहरा इस लिस्ट में है, लेकिन गाजियाबाद-नोएडा से कोई नहीं है। बुलंदशहर से भी किसी को स्थान नहीं मिला है। अध्यक्ष पद के लिये बाराबंकी के पूर्व विधायक बैजनाथ रावत का चुना गया है। उपाध्यक्ष पद के लिये गौरखपुर के पूर्व विधायक बेचन राम का नाम है और उपाध्यक्ष पद के लिये ही सोनभद्र के जीत सिंह खरवार का नाम है। छह लोग सदस्य बनाए गए हैं जिनमें मेरठ, मोदीपुरम के पल्हैड़ा गांव के हरेंद्र जाटव को स्थान मिला है। सहारनपुर के महिलपाल वाल्मीकि सदस्य बनाए गए हैं।

बरैली के संजय सिंह, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिवनारायण सोनकर, ओरैया सुश्री नीरज गौतम को सदस्य बनाया गया है। गाजियाबाद से कोई चेहरा इसमें शामिल नहीं है। गाजियाबाद के किसी अनुसूचित चेहरे को इसमें स्थान नहीं मिला। सदस्यों में लखनऊ से रमेश कुमार तूफानी, मेरठ से नरेंद्र खजूरी, आजमगढ़ से तीजाराम, मऊ से विनय राम, कोंडा से अनीता गौतम, कानपुर से रमेशचंद, भदोही से मिठाईलाल, बरेली से उमेश कठेरिया, कौशांबी से जितेंद्र कुमार और अंबेडकरनगर से अनीता कमल को भी सदस्य बनाया गया है।

# बजरंगी भैया ने बना दिया सदस्यता अभियान में रिकॉर्ड

## सचिन डागर के 1002 सदस्य दिख रहे हैं ऑन द मेंबरशिप कार्ड









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है और सदस्यता अभियान को लेकर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने दो दिन पहले ही ये निर्देश दिये थे कि सभी पार्षदों को सदस्यता अभियान में जुटना है और उन्होंने कहा था कि सभी पार्षदों को अपने अकांउट में एक हजार सदस्य ऑनलाइन बनाने आवश्यक हैं। भगवा कमांडर के इस चैलेंज को भजरंगी भैया यानी सचिन डागर ने सबसे पहले पूरा किया है और उन्होंने यहां इस लक्ष्य को पूरा करते हुए एक हजार सदस्यों का आंकड़ा पार दिया है। पार्षद सचिन डागर का मैंबरशिप कार्ड बता रहा है कि उन्होंने 1002 सदस्य बना लिये हैं। सौ पार्षदों में संभवतः सचिन डागर पहले ऐसे पार्षद हैं जिन्होंने सदस्यता अभियान में एक हजार के आंकड़े को पार दिया है। एक तरह से उन्होंने ये साबित किया है कि वो अपने वार्ड में टीआरपी के बादशाह हैं। पार्टी जो भी टारगेट उन्हें देगी उसे पूरा करने की क्षमता वाले नेता हैं और एक हजार सदस्यता अभियान के साथ सचिन डागर संगठन को फीलगुड करा रहे हैं।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बागपत लोकसभा सांसद डॉराजकुमार सांगवान शुक्रवार को वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा बिल्डर रविंद्र त्यागी के राजनगर स्थित आवास पर पहुंचे। रविंद्र त्यागी खेल बिजनेस के साथ साथ सामाजिक राजनीतिक मुद्दों पर भी रुचि लेते हैं। आरएलडी सांसद राजकुमार सांगवान का रविंद्र त्यागी ने अपने आवास पर स्वागत किया। सियासत के साथ साथ पुरानी मित्रता भी है लिहाजा दोनो ने विभिन्न सामाजिक राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की।

# पौने तीन घंटे चली दिशा की बैठक में दिखी दशा ठीक, सबको मिला माइक और सबने रखी अपनी बात

## जनप्रतिनिधियों की ऐसी सामूहिक उपस्थिति देखी गई पहली बार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक लंबे समय बाद दिशा की बैठक का नजारा सामूहिक दिखाई दिया। एक ऐसी बैठक जिसमें पांचों विधायक, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष और यहां तक की ब्लॉक प्रमुख भी पहुंचे। बताया जाता है कि दिशा की बैठक में अब से पहले ऐसी सामूहिक उपस्थिति जनप्रतिनिधियों की पहली बार देखी गई और कमाल ये हो गया कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इस बैठक के अध्यक्ष थे और उन्होंने माइक अपने हाथ में कम लिया और यहां जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक सब बोले।

दिशा की कई बैठक देख चुके चेहरों ने भी यही कहा कि पहली बार ऐसा नहीं लगा कि एक ही व्यक्ति बैठक ले रहा है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपनी पहली बैठक में जबर्दस्त परफोरमेंस दिखाई और यहां उन्होंने एक तरीके से जिले की समस्याओं का पूरा सिजरा निकाल दिया। अधिकारियों से भी बात की और इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने जो विषय रखें उन्हें सांसद अतुल गर्ग ने ध्यान से सुना और अधिकारियों को निर्देश दिये।

बताते हैं कि यहां जिला पंचायत अध्यक्ष के अलावा मेयर ने प्रदूषण का मुद्दा उठाया और इस विषय को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सपोर्ट और सांसद अतुल गर्ग ने विषय की नब्ज पकड़ ली और स्टे ऑर्डर की पूरी लिस्ट मांगी। इसी तरीके से सामुदायिक केंद्रों के बैंक्वेट हॉल में तब्दील होने का मुद्दा उठा। कुल मिलाकर ये रहा कि एक लंबे समय के बाद एक ऐसी बैठक हुई जिसमें सारे जनप्रतिनिधि आए और सारे अधिकारी आए। सबसे बड़ी ये थी कि सबको अपनी बात कहने का मौका मिला। बैठक के विस्तार को इसी बात से समझा जा सकता है कि सुबह सवा ग्यारह बजे शुरू होकर ये बैठक दोपहर ढाई बजे से भी अधिक समय तक चली। दिशा की बैठक में सब बोले, खूब बोले और सबने सबकी बात सुनी।

### अतुल गर्ग ने कराया एहसास, लेकर चलेंगे सबको साथ



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिशा की बैठक इसलिए खास है क्योंकि ये बैठक इस बार नये सांसद के साथ हुई है। अतुल गर्ग अब सांसद हैं और उन्होंने दिशा की पहली बैठक में ही ये एहसास करा दिया कि बैठक की दिशा किस तरफ जायेगी। उन्होंने सभी को साथ लिया और ये कहना गलत नहीं होगा कि पहली ही बैठक में उन्होंने सभी को साध भी दिया। उत्साह के साथ जनप्रतिनिधि पहुंचे और कभी दिशा की बैठक में विधायक नहीं होते थे और शुक्रवार को दिशा की बैठक में ब्लॉक प्रमुख पहुंचे हुए थे। गांव देहात से लेकर शहर तक क्या मुद्दे हैं ये सामने आ रहे थे।



### जब संजीव शर्मा ने रखा उत्तरांचल, पूर्वांचल और कैलाश मानसरोवर भवन का मुद्दा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने दिशा की बैठक में सरकारी सम्पत्तियों के उपयोग का मामला उठाया। उन्होंने कैलाश मानसरोवर भवन, उत्तरांचल भवन, पूर्वांचल भवन का विषय उठाया। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर भवन का उपयोग होना चाहिए और इसमें जो पैसा लगा है वो जनता के काम आना चाहिए। उन्होंने इन भवनों की हालत की तरफ अधिकारियों का ध्यान दिलाया।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताई राजनीति की असली परिभाषा, बोले- अब यह सत्ताकरण में बदलकर रह गई

● कहा - राजनीति का सही अर्थ समाजीकरण, राष्ट्रकरण और विकास है।



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीति का अर्थ वास्तव में समाज सेवा, राष्ट्र-निर्माण और विकास है। लेकिन वर्तमान समय में राजनीति के मायने बदल गए हैं। अब राजनीति का मतलब केवल सत्ता की राजनीति है।

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिनंदन समारोह में नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीति में मतभेद की समस्या नहीं है, बल्कि विचारों का अभाव है। राजनीति का सही अर्थ समाजीकरण, राष्ट्रकरण और विकास है, लेकिन अब, राजनीति की परिभाषा बदल गई है। इसे केवल सत्ताकरण (सत्ता की राजनीति) में बदल दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जब हम आरएसएस के कार्यकर्ता थे तो हमें काफी बाधाओं का सामना करना पड़ा। तब न तो हमें कोई मानता था और न ही कोई सम्मान था। हरिभाऊ बागड़े ने लोगों के कल्याण के लिए समर्पण के साथ काम किया। उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में 20 साल तक विदर्भ में यात्रा की और काम किया। आपातकाल के बाद लोग हमारी रैलियों में पत्थर फेंकते थे, जिस ऑटोरिक्शा का इस्तेमाल मैं घोषणा करने के लिए करता था, उसे लोगों ने आग लगा दी थी।

केंद्रीय मंत्री बोले कि अब हजारों लोग हमें सुनने आते हैं। यह मेरी लोकप्रियता नहीं है, बल्कि हरिभाऊ बागड़े जैसे कार्यकताओं का काम है। जिन्होंने कड़ी मेहनत की और अपनी जान जोखिम में डाली। इसके बाद पार्टी इस मुकाम पर पहुंची। उन्होंने कहा कि एक अच्छा पार्टी कार्यकर्ता वही होता है जो पार्टी में कुछ न मिलने पर भी अच्छा व्यवहार करता है।

### इंडियन रोड कांग्रेस को दी थी नसीहत

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को भारतीय सड़क कांग्रेस के अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में कहा कि आईआरसी 90 साल पुराना संगठन है, जो बुनियादी ढांचों के निर्माण में तकनीकी मार्गदर्शन देता है। यह संगठन ज्ञान का स्रोत है, लेकिन अब राजनीतिक दल की तरह काम करने लगा है। यह ठीक नहीं है। पुल प्रबंधन को लेकर आयोजित सत्र में गडकरी ने कहा कि कभी-कभी मुझे लगता है आईआरसी एक राजनीतिक दल जैसा काम करता है, जबकि यह पेशेवर संगठन है।

# पराली प्रबंधन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सीएक्यूएम की लगाई फटकार, कहा- सब कुछ हवा में है

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न करने को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को कड़ी फटकार लगाई है। आयोग की खिंचाई करते हुए कहा कि आयोग को और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने में विफल रहने पर जमकर खिंचाई की है। न्यायमूर्ति आभा एस ओका और न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि वायु गुणवत्ता पैनल को अपने दृष्टिकोण में और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है।



### सब कुछ हवा में है- कोर्ट

सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, पराली जलाने के वैकल्पिक उपकरणों का जमीनी स्तर पर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रयासों की जरूरत है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने पैनल को बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा से कहा कि, आपने अबतक अधिनियम के एक भी प्रावधान का अनुपालन नहीं किया है। आपका हलफनामा देखिए। कोर्ट ने पूछा कि क्या धारा 11 के अंतर्गत समितियां बनाई गई हैं? यह सब हवा में है। ऐसे में पराली से होने वाले वायु प्रदूषण से कैसे निपटेंगे?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, हर साल पराली जलाने की समस्या सामने आती है। आप पराली जलाने के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। आपकी तीन महीने में एक बार बैठक होती है। अब जब हम संकट के कगार पर खड़े हैं। तभी भी बैठकें के बीच में भारी अंतराल है। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि, मुझे आयोग द्वारा अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया कोई आदेश दिखाएं।

केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा पढ़ा। जिसमें पराली संकट से निपटने के लिए सलाह और दिशा-निर्देश जारी करने जैसे कदमों की रूपरेखा दी गई थी। हालांकि कोर्ट ने आयोग के इन प्रयासों को एकदम प्रभावहीन माना।

### 'सिर्फ कागजों पर हो रहा है काम'

शीर्ष अदालत ने कहा कि, पराली से निपटने की सभी कार्रवाई सिर्फ कागजों पर हो रही हैं। हमें आपके कागज में कोई दिलचस्पी नहीं है। हमें एक भी निर्देश दिखाओ जो उन्होंने जारी किया हो। कोर्ट ने कहा कि क्या सीएक्यूएम अधिनियम की धारा 14 के तहत कोई कार्रवाई की गई है? आप मूकदर्शक बने हुए हैं। यदि आप यह संदेश नहीं दे सकते हैं कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तो ये प्रावधान केवल कागज पर ही रह जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### वक्फ संशोधन बिल पर सुझाव लेने गुजरात पहुंची संसदीय समिति; मणिपुर में हथियार-विस्फोटक बरामद

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर सुझाव लेने के लिए संसदीय समिति (जेपीसी) गुजरात पहुंची। यहां समिति के सदस्यों ने गुजरात सरकार और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने राज्य सरकार के सुझाव पेश किए। वहीं संघवी ने कहा कि गुजरात सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने जेपीसी से मुलाकात की। साथ ही प्रस्तावित संशोधन पर अपने सुझाव दिए। राज्य सरकार के साथ ही आम लोगों ने भी अधिनियम में संशोधन के केंद्र के कदम का स्वागत किया है। इसके बाद जेपीसी ने बार काउंसिल ऑफ गुजरात, अल्पसंख्यक समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के साथ-साथ कांग्रेस विधायक और राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य इमरान खेड़ावाला के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की। सभी ने जेपीसी के सदस्यों को बिल में संशोधन को लेकर आवश्यक सुझाव दिए।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने बरामद किया हथियार-विस्फोट

**मणिपुर।** मणिपुर के कांगपोकपी और चुराचांदपुर जिलों में सुरक्षा बलों ने हथियार और विस्फोटक बरामद किया। गुरुवार को कांगपोकपी जिले के हरओथेल और लाम्बुंग पहाड़ी की चोटियों पर मणिपुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त अभियान में एक इम्प्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लॉन्चर (पम्पी), 11 बम, 10 खाली शेल केस मिला। चुराचांदपुर जिले के सुंगदाई में एक अलग ऑपरेशन में, पुलिस और असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम ने घर में बनी 9 मिमी पिस्तौल और एक सिंगल बैरल शॉटगन सहित कई तरह के हथियार बरामद किए। बुधवार को असम राइफल्स के जवानों ने एक तलाशी अभियान के दौरान थौबल जिले में एक आईईडी बरामद किया।

### असम पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा

**असम।** असम पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा और उन्हें बांग्लादेश के अधिकारियों को सौंप दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसकी जानकारी दी। तीनों की पहचान मासूम खान, इकबाल हुसैन और मुजानुर रहमान के तौर पर की गई है। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी निगरानी रखते हुए असम पुलिस ने तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा। उन्हें तुरंत बांग्लादेश वापस भेज दिया गया। टीम ने अच्छा काम किया। बता दें कि अबतक करीब 100 बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिरासत में लेकर उन्हें बांग्लादेशी अधिकारियों के हवाले कर दिया गया।

### सिक्किम में भारी बारिश के कारण भूस्खलन

**सिक्किम।** सिक्किम में पिछले तीन दिनों से भारी बारिश के कारण कुछ स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं देखने को मिली। इस भूस्खलन के कारण पुराना रंग रंग ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण मंगन जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया। जिला प्रशासन फिलहाल नुकसान का आकलन कर रहा है। कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए काम किया जा रहा है।

गुजरात में बाढ़ के कारण फंसी बस से 29 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

गुजरात के भावनगर में बाढ़ के कारण एक बस फंस गई। रात भर तक जारी ऑपरेशन में तमिलनाडु और पुडुचेरी के 27 तीर्थयात्रियों सहित 29 लोगों को बस से बाहर सुरक्षित निकाला गया। जिला कलेक्टर आरके मेहता ने बताया कि गुरुवार की शाम को कोलियाक गांव के पास एक नाले पर बंस फंस गई। तीर्थयात्री निष्कलंक महादेव मंदिर के दर्शन करने के बाद भावनगर की तरफ जा रहे थे। क्षेत्र में बारी बारिश के कारण नदी पर बना मार्ग जलमग्न हो गया। इसके बावजूद बस चालक ने नदी पार करने का निर्णय लिया। इस दौरान बस का अगला हिस्सा नदी में डूब गया, जबकि पिछला हिस्सा सड़क पर फंसा रह गया। ऑपरेशन के दौरान बचावकर्मी एक मिनी ट्रक में घटनास्थल पर पहुंचे और बस के सभी 27 तीर्थयात्रियों और बस चालक एवं क्लीनर को बस की पिछली खिड़की के माध्यम से मिनी ट्रक में स्थानांतरित कर दिया। इस दौरान 29 लोगों से भरा मिनी ट्रक भी सड़क पर फंस गया, जिसके बाद बड़ा ट्रक मंगा या गया और सभी लोगों को उसमें स्थानांतरित किया गया। भावनगर में सभी यात्रियों को खाना और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई।

### तमिलनाडु में मिनी बस पलटी, तीन की मौत

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के श्रीविल्लीपुतुर के पास मम्सपुरम गांधी नगर क्षेत्र में एक मिनी बस पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हो गए।

### इंद्राणी मुखर्जी को हाईकोर्ट से बड़ा झटका, विशेष अदालत से मिली विदेश यात्रा की मंजूरी खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत द्वारा पारित उस आदेश को रद्द कर दिया। जिसमें शीना बोरा की हत्या की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी। इस मामले में सीबीआई की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसमें सीबीआई ने अंदेशा जताया था कि, गंभीर अपराध में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी विदेश से भाग सकती हैं। न्यायमूर्ति श्याम चांडक की सिंगल बैंच ने विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका को इस आधार पर स्वीकार किया कि, इंद्राणी मुखर्जी एक गंभीर अपराध में मुकदमे का सामना कर रही हैं और उनके देश से भागने की संभावना है। कोर्ट ने कहा कि, याचिका स्वीकार की जाती है। विवादित आदेश को रद्द किया जाता है। इसे इंद्राणी के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। विशेष सीबीआई अदालत ने 19 जुलाई को इंद्राणी मुखर्जी को अगले तीन महीनों के दौरान बीच-बीच में दस दिनों के लिए एक बार यूरोप (स्पेन और यूके) की यात्रा करने की अनुमति दी थी। मुखर्जी ने विदेश यात्रा की परमिशन यह कहकर मांगी थी कि, पूर्व पति पीटर मुखर्जी से तलाक के बाद उन्हें बैंक से संबंधित कुछ दस्तावेजों में बदलाव करने और अन्य सहायक कार्यों की जरूरत है। इसके लिए उनका विदेश जाना जरूरी है। न्यायमूर्ति चांडक ने कहा कि यदि इंद्राणी मुखर्जी भारत से काम करना चाहती हैं तो संबंधित वैधानिक प्राधिकारी उनकी मदद करेंगे। पीठ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उन्होंने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। केवल इस बात का उल्लेख किया है कि विशेष अदालत का आदेश ठीक नहीं था और इसलिए टिकाऊ नहीं था। वहीं अनुमति देते समय विशेष अदालत ने इंद्राणी मुखर्जी के लिए कुछ शर्तें भी रखी थीं। अदालत ने कहा था कि अपनी विदेश यात्रा के दौरान, वह अपनी यात्रा के दौरान कम से कम एक बार भारतीय दूतावास या उसके संबद्ध राजनयिक मिशन के कार्यालय में उपस्थित होंगी और उपस्थिति प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगी।

# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने की सीएम नीतीश से मुलाकात, बंगाल में बिहार के छात्रों से दुर्व्यवहार का उठाया मुद्दा

**नई दिल्ली।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुलाकात की है। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब बंगाल में बिहारी छात्रों के साथ हुई अभद्रता से राज्य की राजनीति गर्म है। मुलाकात के बाद चिराग पासवान ने कहा कि हमारी बैठक का विषय बिहार में चल रही योजनाएं थी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण विषय था पश्चिम बंगाल में बिहार के छात्रों के साथ किस तरह क्रूर व्यवहार किया जा रहा है। मैं हमेशा यह मुद्दा उठाता हूं कि दूसरे राज्यों में बिहारियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है।



चिराग ने कहा कि ये बेहद शर्मनाक घटना है, इसका वीडियो 2 दिन से वायरल है। भारत का संविधान यह इजाजत देता है कि कोई भी भारतीय देश के किसी भी कोने में जाकर शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय हासिल कर सकता है, इसके बावजूद अगर किसी भी राज्य में ऐसी मानसिकता है तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मैंने यह मामला मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। इस पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव चुप हैं। इस पर मैंने मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुझे खुशी है कि स्थानीय प्रशासन ने इसे तुरंत लिया और वहां के प्रशासन से संपर्क किया। मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले की निगरानी कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि उन बच्चों को न्याय मिलेगा।

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बिहार के दो अभ्यर्थियों को कथित तौर पर धमकी देने और उनके साथ बदसलूकी को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस घटना से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने इस घटना की निंदा की एवं तत्काल कार्रवाई की मांग की। बिहार के दोनों छात्र सीआईएसएफ की नौकरी के अभ्यर्थी थे। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि पश्चिम बंगाल देश के हर नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकारों में विश्वास करता है और वह कभी किसी का उत्पीड़न नहीं होने देगा। सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्त कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार के इन दो व्यक्तियों के उत्पीड़न, उन्हें डराने-धमकाने और उन पर हमला करने के आरोप में बृहस्पतिवार रात रजत भट्टाचार्य और गिरिधारी राय को गिरफ्तार किया गया।

# थम नहीं रहे हैं एक बार में तीन तलाक के मामले

**लखनऊ।** एक बार में तीन बार तलाक-तलाक-तलाक कह कर किसी महिला का जीवन बर्बाद कर देने वाली मनमानी के खिलाफ मोदी सरकार ने भले ही सख्त कानून बना दिया हो लेकिन इस तरह से तलाक देने कें मामले थम नहीं रहे हैं। ऐसी ही एक घटना लखनऊ के बगल के जिला बाराबंकी में सामने आई जहां निकाह के बाद दहेज में कार के लिए 10 लाख रुपए की मांग करते हुए पति व सास ने महिला को प्रताड़ित किया। मायके में बच्ची के साथ रह रही महिला के पास पहुंचे पति ने मारा-पीटा और तीन तलाक दे दिया। पीड़िता की शिकायत पर पति व सास पर तीन तलाक, दहेज उत्पीड़न आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

बताते हैं कि बाराबंकी की नगर कोतवाली अंतर्गत लौताबाद निवासी अकील अहमद की पुत्री खातून का निकाह 23 मार्च 2021 को लखनऊ के तालकटोरा थाना राजजीपुरम निवासी मो. शाहरूख से हुआ था। निकाह के बाद से पति शाहरूख व सास परवीन जहां दहेज कम मिलने का ताना देते थे औ एक चार पहिया वाहन खरीदने के लिए 10 लाख रुपए की मांग करते थे। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उसे बुरी तरह से पीटा जाता था। इसी बीच उसने एक बच्ची को जन्म दिया। पीड़िता अपने मायके में रहे रही थी, तभी 17 सितंबर 2024 की शाम पति आया और दहेज की मांग व गाली देते हुए तीन तलाक दे दिया। यहीं नहीं धमकी दी कि अगर कहीं शिकायत की तो हत्या कर दी जाएगी। डर के कारण पीड़िता उस दिन पुलिस से शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। 25 सितंबर को पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने पति शाहरूख व सास परवीन जहां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मिलेट्स को बढ़ावा मिलने से छोटे किसानों को फायदा, देश की अर्थव्यवस्था को मिल रही ताकत : भागीरथ चौधरी

**जयपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी 27 सितम्बर शुक्रवार को जयपुर में फिक्की द्वारा आयोजित ₹राजस्थान मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्क्लेव - 2024₹ के दूसरे संस्करण में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की थीम ₹देश के मिलेट्स हब के रूप में उभरता हुआ राजस्थान₹ विषय पर संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार बड़े पैमाने पर श्री अन्न मिलेट्स को बढ़ावा दे रही है। बाजरा, जौ, मक्का एवं सरसों जैसे मोटे अनाज के उत्पादन में राजस्थान देश में अग्रणी है।

### श्री अन्न से देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

फिक्की मिलेट्स कॉन्क्लेव - 2024 को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि बाजरा हमारे कृषि एवं भौगोलिक परिदृश्य के अनुरूप आशाजनक भविष्य का प्रतीक है। इसमें बेहतर स्वास्थ्य के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनाने वाले आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसी के तहत 2023 को इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर के रूप में मनाते हुए इसे बढ़ावा दिया गया। कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि श्री अन्न के फायदे ही फायदे हैं, विशेषकर हमारे छोटे किसानों को इससे बहुत लाभ हैं। श्री अन्न से उनकी आय बढ़ने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।




केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि श्री अन्न का सेवन स्वस्थ रहने का माध्यम है। श्री अन्न पोषकता से परिपूर्ण है, जिसे उगाने में किसानों को लागत कम आती है, इसके लिए फर्टिलाइजर की जरूरत नहीं पड़ती, कम बारिश में भी इसकी खेती आसानी से हो सकती है। छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने, लोगों को स्वस्थ रखने व देश-दुनिया में, भोजन की थाली में श्री अन्न को सम्मानजनक स्थान दिलाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रस्ताव रखा, जिसका 72 देशों ने समर्थन किया और यूएन ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में श्री अन्न की महत्ता का प्रसार हो रहा है। श्री अन्न से एग्री स्टार्टअप्स बढ़ने के साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है। उत्पादन व उत्पादकता बढ़ने के साथ ही प्रोसेसिंग एवं निर्यात भी बढ़ेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

# मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से बाहर करने के लिये अयोध्या के साधु संतो ने संभाला मोर्चा

**लखनऊ।** सरकारी नियंत्रण वाले आन्ध्र प्रदेश के तिरूपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलने वाले लड्डू में चर्बी मिली होने की खबर के बाद एक तरफ जहां हिन्दू समाज गुस्से में है, वहीं इस खबर के बाद साधू संतों के सब्र का भी बांध टूट गया है। इसको लेकर जगह-जगह प्रतिक्रिया हो रही है। इसी कड़ी में अब प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या के संतों ने मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने की छटपटाहट दिखाई दे रही है। इस ओर उनका ध्यान तिरुपति बालाजी के लड्डू में प्रयुक्त होने वाले घी में गोमांस और मछली के तेल की मिलावट से उपजे आक्रोश के बीच सामने आया है। जिसके बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि तिरूपति की व्यवस्था पर सरकारी नियंत्रण की जगह यदि आस्था से अनुप्राणित संतों का नियंत्रण होता, तो यह अनर्थ नहीं हो पाता। संतों की नाराजगी तब सामने आई जब वह अयोध्या के बड़ा भक्तमाल आश्रम में रामलीला के आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए एकत्र हुए थे, लेकिन उसमें यह चिंता भी दिखी। बैठक का संयोजन कर रहे बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश कुमार दास ने कहा कि सरकारी नियंत्रण के बाद किसी भी मंदिर की पवित्रता नहीं कायम रह सकती है। जानकीघाट बड़ा स्थान के महंत जन्मेजयशरण ने याद दिलाया कि चाहे वह तिरूपति हो या काशी विश्वनाथ, नाथद्वारा और महाकालेश्वर, ये सभी स्थान आस्था के महनीय केंद्र तो है, किंतु व्यवस्था के फेर में आस्था की परंपरा जड़ों से कटी प्रतीत होती है। संकटमोचन सेना के अध्यक्ष एवं हनुमानगढ़ी से जुड़े महंत संजयदास सरकारी नियंत्रण की व्यवस्था को धार्मिक केंद्रों की संप्रभुता पर आघात मानते है। वह कहते हैं कि हमारी अस्मिता से खिलवाड़ हो रहा है, किंतु अब हम लंबे समय तक चुप नहीं बैठेंगे।

सुप्रसिद्ध कथाव्यास जगदगुरू रामानुजाचार्य डा. राघवाचार्य भी मंदिरों के सरकारी नियंत्रण के विरोध में मुखर हुए हैं। उनका मानना है कि जहां-जहां सरकार का हस्तक्षेप है, वह मंदिरों की व्यवस्था यांत्रिकता की शिकार है। प्रसाद का टेंडर देने की जगह मंदिर का प्रबंधन व्यापक स्तर पर गोपालन करे और भगवान के भोग-राग में भाव तथा शुद्धता सुनिश्चित करे, यह सरकार के प्रतिनिधियों से संभव नहीं होगा।

### केरल में मंकीपॉक्स का दूसरा मरीज मिला

**केरल।** केरल में मंकीपॉक्स का दूसरा मरीज मिला है। भारत में मंकीपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक UAE से केरल के एनार्कुलम लौटा था। उसे तेज बुखार था। जांच में MPox की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। केरल हेल्थ डिपार्टमेंट ने बताया कि मरीज का कोच्चि के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। जांच के बाद पता चलेगा कि मरीज MPox के खतरनाक और तेजी से फैलने वाले क्लैड-1बी स्ट्रेन से संक्रमित है या नहीं।

### चुनाव आयोग ने चीफ सेक्रेटरी-डीपीजी से जवाब मांगा

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी से आदेश का पालन न करने पर जवाब मांगा है। मामला विधानसभा चुनाव को देखते हुए अधिकारियों के ट्रांसफर से जुड़ा है। इलेक्शन कमीशन ने आदेश दिया था कि, राज्य में उन अधिकारियों का ट्रांसफर किया जाए। जो या तो अपने होम टाउन में पोस्टेड हैं या वे अधिकारी जिन्हें एक जगह सर्विस करते हुए तीन साल से ज्यादा हो गया। चुनाव आयोग ने 31 अगस्त तक रिपोर्ट फाइल करने का समय दिया था। एडीजीपी ने अभी तक अधूरी रिपोर्ट दी है। वहीं चीफ सेक्रेटरी का भी पूरी रिपोर्ट फाइल करना बाकी है। मुंबई में करीब 100 से ज्यादा अधिकारियों को ट्रांसफर नहीं हुआ है।


।। ॐ शान्ति ।।                    ।। ॐ शान्ति ।।



**।। चौथा पटा ।।**

श्रीमान........................................

आपको सूचित किया जाता है कि **श्री अशोक सिंह भदौरिया, गनेश सिंह भदौरिया** के परम पूज्य पिता जी **स्व. श्री धनपाल सिंह भदौरिया का चौथ पटा (श्राद)** **दिनांक 28-09-2024 दिन शनिवार** को है जिसमें आप सादर निमंत्रण है।

**भोज समय : दोपहर 2 बजे**

**कार्यक्रम स्थल :**

**ग्राम - खिल्ला पड़कौली, तहसील- बाह, जिला- आगरा (उ. प्र.)**

**मो. 9761305040 / 8800931235**

**विनीत**

**भाई :-** श्री श्रीपाल सिंह भदौरिया

**भतीजे:-** राहुल, प्रशान्त, धनंजय (जी न्यूज पत्रकार). प्रदीप, राजेन्द्र

**नाती:-** विष्णु (कुशाग्र), यशबर्धन, जयबर्धन, डूग्गू, रचित एवं समस्त भदौरिया



**गाजियाबाद नगर निगम**

(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 152/नजारत/2024-25                    दिनांक : 27.09.2024

**ई-निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम नजारत विभाग द्वारा विभिन्न कार्य हेतु ई-निविदाएँ **दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 10.10.2024 तक** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेबसाईट **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है, जिसे **दिनांक 10.10.2024** की **मध्यान्हः 02:00 बजे तक** बेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 10.10.2024** की **अपरान्हः 04:00 बजे** से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क (Tender Fees Non Refundable) वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा तथा सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध के समय धरोहर राशि एफ.डी. आर. के रूप में कार्यालय में जमा करानी होगी, जोकि लेखाधिकारी, गाजियाबाद नगर निगम के नाम पर बन्धक होगी। निविदा में प्रतिभागी फर्म योग्य होने पर वित्तीय निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश रहता है. तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जायेगी।

विस्तृत शेष नियम व शर्तें एवं सूचना वेबसाइड **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

प्रभारी नजारत
गाजियाबाद नगर निगम



**गाजियाबाद नगर निगम**

(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 152/नजारत/2024-25                    दिनांक : 27.09.2024

**ई-निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम नजारत विभाग द्वारा विभिन्न कार्य हेतु ई-निविदाएँ **दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 10.10.2024 तक** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेबसाईट **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है, जिसे **दिनांक 10.10.2024** की **मध्यान्हः 02:00 बजे तक** बेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 10.10.2024** की **अपरान्हः 04:00 बजे** से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क (Tender Fees Non Refundable) वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा तथा सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध के समय धरोहर राशि एफ.डी. आर. के रूप में कार्यालय में जमा करानी होगी, जोकि लेखाधिकारी, गाजियाबाद नगर निगम के नाम पर बन्धक होगी। निविदा में प्रतिभागी फर्म योग्य होने पर वित्तीय निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश रहता है. तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जायेगी।

विस्तृत शेष नियम व शर्तें एवं सूचना वेबसाइड **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

प्रभारी नजारत
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# बारिश के बाद टूटी हुई सड़कों की हालत हुई बदतर, पार्षद बोले शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा मरम्मत का कार्य

## सड़के इतनी टूटी हुई है कि लोगों का चलना भी हो रहा मुश्किल

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद में बारिश के बाद सड़कें जगह-जगह छलनी हो गई हैं। छलनी सड़कों पर दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। बारिश से इंदिरापुरम, राजेंद्र नगर, वसुंधरा, शालीमार गार्डन, श्यामपार्क एक्टेंशन, बृज विहार सूर्यनगर, कौशाम्बी, वैशाली जैसी पॉश इलाकों के अलावा साहिबाबाद में जगह-जगह सड़कें टूट गई हैं। इंदिरापुरम वार्ड 81, राजेंद्र नगर वार्ड 80, राजेंद्र नग्गर वार्ड 86 वसुंधरा वार्ड 54, इंदिरापुरम वार्ड 98, शालीमार गार्डन वार्ड 78 के पार्षदों से बात की गई, किसनी ने बताया कि सड़क में गड्ढे होने कारण स्कूली रिक्शा भी पलड़ा जाता है, कोई बोला प्रशासन सुन लेता है, किंतु जनप्रतिनिधि नही सुनते है।







### 12 सड़के है, बदहाल नही सुनता कोई जनप्रतिनिधि:मदन राय



करंट क्राइम। राजेंद्र नगर वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने बताया कि वार्ड की अधिकतर सड़के बदहाल हैं, जिनके लंबे समय से कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा प्रशासन तो सुन लेता है, लेकिन अपने ही जनप्रतिनिधि पार्षदों की नहीं सुनते वार्ड 86 की प12 सड़के इतनी टूटी हुई है। कि लोगों का चलना भी मुश्किल हो रहा है, इसके लिए कई बार विभागों में शिकायत की जनप्रतिनिधियों को शिकायत की लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। रोड सड़क पर गुजरते वक्त बहुत से दो पहिया वाहन गिरने से राहगीर चोटिल हो गए। उन्होंने कहा कि इस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

### बरसात के बाद सड़क टूटी हुई लोग हैं, परेशान: डॉक्टर अनिल तोमर



करंट क्राइम। इंदिरापुरम के वार्ड 98 के पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने बताया कि इंदिरापुरम में अधिकतर सड़कों की स्थिति बहुत खराब हो रही है। जीडीए व नगर निगम के चक्कर में सड़के बनी नहीं है, लोग जनप्रतिनिधि को दोषी मानते हैं, लेकिन बरसात के बाद तो और भी सड़के टूटी पड़ी है। जिनका अभी मरम्मत का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ, इसके लिए कई बार नगर निगम को भी पत्र लिखकर जानकारी दी है। अब हैंडओवर होने के बाद लगता है नगर निगम कुछ सड़के बनाएगी जिससे क्षेत्र का विकास चमक उठेगा।

### कुछ सड़कों की मरम्मत के लिए जल्द शुरू होगा कार्य :सतेंद्र चौधरी



करंट क्राइम। वसुंधरा वार्ड 54 के पार्षद सत्येंद्र चौधरी ने बताया बरसात के बाद कुछ सड़कों में गड्ढे हो गए हैं, जिनकी मरम्मत के लिए नगर निगम के अधिकारियों को लिखित में पत्र देकर उनकी मरम्मत करने के लिए बोला गया है। उन्होंने बताया जल्द ही वार्ड गड्ढे मुक्त होगा, कुछ सड़कों के निर्माण कार्य रुके हुए हैं उनके भी पूरे हो जाएंगे। वार्ड की अधिकतर सड़के का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन जिन सड़कों में गड्ढे हुए हैं उनको मरम्मत कर दी जाएगी।

### बरसात के दिनों में सड़क की हालत बदतर होगी:राहुल शर्मा



करंट क्राइम। राजेंद्र नगर वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने बताया कि बरसात के दिनों में सड़कों की हालत बदतर हो जाती है। राजेंद्र नगर से शालीमार गार्डन को जाने वाले सड़क पर गुजरते वक्त बहुत से दो पहिया वाहन गिरने से राहगीर चोटिल हो गए। कई बार स्कूली रिक्शा भी पलट चुके है। वार्ड के नाले जा पानी आने से अधिकतर सड़के टूट रही है, समस्या नाले की होने के कारण सड़के टूटी जा रही है लेकिन कोई सुने को तैयार नही यही।

### कुछ सड़कों में गड्ढे होंगे है, जिनकी मरम्मत कराई जाएगी: ओमवती देवी



करंट क्राइम। शालीमार गार्डन वार्ड 78 की पार्षद डी ओमवती देवी ने बताया कि बरसात के मौसम में कई सड़क क्षतिग्रस्त होगी है। वहीं बरसात के बाद पानी भरने से सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए। प्लाट चलने के बाद सड़क की मरम्मत कर दी जाएगी। वार्ड के लोगों ने बताया है की बरसात के पानी जमा होने से कई सड़कों में जगह-जाने गड्ढे हो गए हैं, जिनके लिए निगम के अधिकारियों को बोल दिया गया है जल्दी गड्ढे मुक्त हो जाएंगे वार्ड की सड़क।

### इससे पहले नहीं देखी इंदिरापुरम की ऐसी सड़कों की हालत: धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम। इंदिरापुरम वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया की ऐसी सड़कों की बतदर स्थिति कभी नही देखी टूटी सड़कों में बारिश का पानी भरा रहता है। जिससे बीमारी का भी खतरा बना हुआ है, उन्होंने कहा कि जीडीए व नगर निगम को इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन मरम्मत का कार्य नही हो रहा। वार्ड की अधिकतर सड़कों टूटी हुई है। कोई अधिकारी लेकिन नहीं सुन नही यही।



## संपादकीय

# मौसम से सावधान

मानसून अब जाने को है और जाते-जाते बीमारियों का प्रकोप इस तरह बढ़ गया है कि चिकित्सकों की व्यस्तता बहुत बढ़ गई है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है और अगर समय पर सही इलाज न हो, तो मौसमी बीमारियां भी जानलेवा साबित होती हैं। विशेष रूप से कमजोर रोग प्रतिरोधी क्षमता वाले लोगों को तो मौसमी बीमारियां कुछ ज्यादा ही सताती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि मौसम के साथ तालमेल बिठाकर चलने की परिपाटी पहले से कुछ कमजोर पड़ी है, पर इलाज की सुविधा के बढ़ने से माहौल में बदलाव आया है। वैसे चिकित्सक पूरे मानसून या बरसात के मौसम में सतर्क रहने की सलाह देते हैं। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो कोताही या लापरवाही बरतकर अपनी मुश्किलें बढ़ा लेते हैं। मौसमी बीमारियों से अलग एमपॉक्स भी चिंता की वजह बना हुआ है। एमपॉक्स का एक मरीज अभी भारत में है और उम्मीद करनी चाहिए कि यह बीमारी भारत में न फैले। अफ्रीका में अब तक 100 से ज्यादा लोग इसके कारण मारे गए हैं और खुशखबरी यह है कि एमपॉक्स से बचाव के लिए दुनिया के पहले टीके को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी मंजूरी दे दी है।

बरसात और उसमें भी जाती हुई बरसात डेंगू के खतरे को बढ़ा देती है। जगह-जगह जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इस मौसम में एडीज मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है और जब ये मच्छर काटते हैं, तो डेंगू के लक्षण उभर आते हैं। तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, आंखों में पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, शरीर पर दाने और रक्तस्राव का भी खतरा पैदा हो जाता है। पिछले वर्ष देश में डेंगू से 485 लोगों की मौत हुई थी और ढाई लाख से ज्यादा लोगों को इसने परेशान किया था। विशेष रूप से दक्षिण भारत में डेंगू का प्रकोप इस बार ज्यादा है, देश में 32 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, अतः सावधान रहने की जरूरत है। अनावश्यक जलभराव से भी बचने की जरूरत है। मौसमी बीमारियों में चिकनगुनिया भी शामिल है। यह भी मच्छरों से फैलने वाला वायरल रोग है, इसमें भी तेज बुखार, मांसपेशियों व जोड़ों में गंभीर दर्द, सिरदर्द और थकान की शिकायत सामने आती है। चिकनगुनिया के साथ सबसे बुरी बात यह है कि इसका दुष्प्रभाव हफ्तों तक बना रह सकता है। ठीक इसी तरह, मलेरिया के भी मामले इस मौसम में बढ़ जाते हैं। यह भी परजीवी प्लाज्मोडियम और संक्रमित एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इन दिनों ज्वर और वायरल बुखार के भी मामले बहुत बढ़ गए हैं। वायरल के लिए अनेक प्रकार के वायरस जिम्मेदार होते हैं और ये वायरस अपना प्रभाव या दुष्प्रभाव बदलते रहते हैं। वायरल बुखार से कमजोरी तेजी से बढ़ती है। जुकाम और खांसी के मरीजों की तो कोई गिनती ही नहीं है। अभी शायद ही कोई अस्पताल होगा, जहां मौसमी बीमारियों से सताए गए लोग अपना इलाज न करा रहे हों।

भारत में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़नी चाहिए, ताकि बदलते मौसम में लोग अपने स्वास्थ्य का बचाव कर सकें। विशेष रूप से बच्चों को सेहतमंद रखने के लिए बड़ों को भी चौकस रहना चाहिए। बड़े अगर चौकस रहेंगे, तो बच्चों में भी सावधान रहने के गुण का विकास होगा। यह बात स्पष्ट है कि सामान्य सर्दी-जुकाम की वजह से भी लोगों का कामकाज प्रभावित होता है, उनकी उत्पादक क्षमता घटती है और कमाई भी। अतः बढ़ती सुविधाओं के साथ सामान्य लगने वाली बीमारियों को भी गंभीरता से लेने की आदत विकसित होनी चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की याचिका निपटाई

## जीएमआर को एयरपोर्ट का संचालन सौंपने के मामले में फैसला



**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने यह निर्णय सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की स्वतंत्र पेशेवर राय पर गौर करने के बाद लिया। सॉलिसिटर जनरल की ओर से कहा गया था कि केंद्र और एएआई की सुधारात्मक याचिकाएं ऐसी याचिकाओं पर विचार करने के लिए निर्धारित कानूनी मापदंडों के अंतर्गत नहीं आतीं। सुप्रीम कोर्ट ने निजी कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स को नागपुर के बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का रिनोवेशन र संचालन करने की अनुमति देने के अपने फैसले के खिलाफ केन्द्र और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण की सुधारात्मक याचिका का शुक्रवार को निपटारा कर दिया। शीर्ष अदालत ने यह निर्णय सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की स्वतंत्र पेशेवर राय पर गौर करने के बाद लिया। सॉलिसिटर जनरल की ओर से कहा गया था कि केंद्र और एएआई की सुधारात्मक याचिकाएं ऐसी याचिकाओं पर विचार करने के लिए निर्धारित कानूनी मापदंडों के अंतर्गत नहीं आतीं। सुधारात्मक याचिका यानी क्यूरेटिव पिटीशन, वादी के लिए उपलब्ध अंतिम कानूनी सहारा है और इसका विकल्प शीर्ष अदालत की ओर से 2002 में रूपा अशोक हुर्रा मामले में दिए गए फैसले के तहत तैयार किया था। ऐसी याचिका, मुख्य मामले और समीक्षा याचिका के खारिज होने के बाद, कुछ कानूनों का उल्लंघन होने पर दायर की जा सकती है। इस सुविधा के उपयोग के लिए किसी मामले में दिए गए फैसले में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन होना चाहिए, पक्षपात की आशंका होनी चाहिए और न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होना चाहिए। शुक्रवार को शीर्ष विधि अधिकारी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की चार न्यायाधीशों की विशेष पीठ से कहा कि केंद्र और एएआई की सुधारात्मक याचिकाएं 2002 के फैसले के तहत नहीं आती हैं। वे वे पक्षपात का तर्क देकर नहीं कह सकते कि सरकार का पक्ष नहीं सुना गया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, इन कार्यवाहियों को अंतर-न्यायालय अपील में नहीं बदला जा सकता। मुझे अपना निर्णय स्वीकार करना होगा...मैंने केंद्र से भी परामर्श नहीं किया है। हालांकि, विधि अधिकारी ने एक पहलू प्रस्तुत किया, जिसमें कहा गया था कि केंद्र और एएआई मुकदमे में आवश्यक पक्ष नहीं थे, तथा इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है, क्योंकि इसी प्रकार के मामलों में इसके नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल के विचारों की सराहना की और कहा कि सुधारात्मक याचिका को बिना दबाव के निपटाया जाता है।

## भारत में बीते 10 वर्षों में हुआ 667 अरब डॉलर का विदेशी निवेश

**नई दिल्ली।** भारत में 2014-2024 के बीच कुल 667.4 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है। इससे पहले के दशक (2004-2014) के मुकाबले एफडीआई में 119 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। यह निवेश देश के सभी राज्यों और 57 सेक्टर में आया है। इसने विभिन्न इंडस्ट्री के विकास में अहम भूमिका निभाई है। बीते कुछ वर्षों में सरकार की ओर से एफडीआई को देश में आकर्षित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मौजूदा समय में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेक्टर को छोड़कर ज्यादातर सेक्टर ऑटोमेटिक रूट से 100 प्रतिशत एफडीआई के लिए खुले हैं। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 2014-2024 के बीच संचयी रूप से 165 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। इसमें 2004-2014 के आंकड़े 97.7 अरब डॉलर के मुकाबले 69 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। भारत में लगातार विदेशी निवेश बढ़ता जा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 23 में 71 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 24 में 70 अरब डॉलर का विदेशी निवेश भारत आया था।




इससे पहले उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप भाटिया ने कहा था कि सरकार अधिक श्रम और स्किल की मांग वाली इंडस्ट्री को प्राथमिकता दे रही है, जिससे एफडीआई आने वाले वर्षों में 100 अरब डॉलर के आंकड़े को छू सके। भाटिया ने आगे कहा कि अनुपालन को कम करने के लिए संबंधित विभागों से बातचीत की जा रही है। डीपीआईआईटी की ओर से 100 ऐसे अनुपालन के मुद्दों को पहचाना गया है जिसे समाप्त करने का आवश्यकता है। इससे प्रोसेस पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगा। आगे कहा कि सरकार लगातार व्यापार को आसान बनाने की दिशा में काम कर रही है।

## केंद्र सरकार ने आधार और पैन डेटा दिखा रही कुछ वेबसाइट्स को किया ब्लॉक




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से व्यक्तिगत संवेदनशील जानकारी जैसे आधार और पेन का डेटा दिखाने वाली कुछ वेबसाइट्स को ब्लॉक कर दिया है। आईटी मंत्रालय को इस बात की जानकारी दी गई कि कुछ पोर्टल्स द्वारा नागरिकों की संवेदनशील जानकारी सार्वजनिक की जा रही है। आधार जारी करने वाली सरकारी एजेंसी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की ओर से पुलिस प्रशासन के पास आधार एक्ट 2016 की आधार 29(4) के तहत आधार की जानकारी सार्वजनिक तौर पर दिखाने के लिए मुकदमा दर्ज कराया गया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-आईएन) की ओर से इन वेबसाइट का एनालिसिस किया गया है, जिसमें इन वेबसाइट की सुरक्षा में कुछ कमियां पाई गई। इन वेबसाइट्स के मालिकों को आईसीटी बुनियादी ढांचे में सुधार और कमजोरियों को ठीक करने के लिए उनके स्तर पर की जाने वाली कार्रवाइयों के बारे में गाइडेंस भी प्रदान किया गया था। इंडियन साइबर एजेंसियों की ओर से आईटी एप्लीकेशन का उपयोग करने के लिए सभी संस्थाओं के लिए गाइडेंस जारी की गई हैं। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 (आईटी एक्ट) के तहत सीईआरटी-आईएन द्वारा सूचना सुरक्षा प्रथाएं, प्रक्रिया, रोकथाम, प्रतिक्रिया और साइबर घटनाओं को रिपोर्ट करने के दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं। आईटी एक्ट में संवेदनशील निजी जानकारी के गैर-प्रकाशन और गैर- प्रकटीकरण का प्रावधान है। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि अगर किसी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तो आईटी एक्ट की धारा 46 के तहत निर्णायक अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कर सकता है और मुआवजे की मांग कर सकता है। इसके अलावा आगे कहा कि डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट, 2023 को पहले ही अधिनियमित किया जा चुका है और इस अधिनियम के तहत नियमों का मसौदा तैयार होने के एडवांस स्टेज में है।

## ऑल टाइम हाई पर खुला भारतीय शेयर बाजार, आईटी शेयरों में खरीदारी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में रिकॉर्ड हाई पर खुला। सत्र की शुरूआत में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 85,955 और 26,250 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। हालांकि, बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। सुबह 9:20 पर सेंसेक्स 22 अंक की बढ़त के साथ 85,859 और निफ्टी 18 अंक की तेजी के साथ 26,234 पर था। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,454 शेयर हरे निशान में और 681 शेयर लाल निशान में हैं। छोटे और मझोले शेयरों में भी तेजी बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 72 अंक या 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,541 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 84 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,346 पर था। तेजी शेयर में खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ सभी इंडेक्स में टॉप गेनर्स है। पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल और कमोडिटी इंडेक्स भी एक प्रतिशत तक बढ़े हुए हैं। ऑटो, फिन सर्विस, एफएमसीजी, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में लाल निशान में कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, विप्रो, एचसीएल टेक, टीसीएस, सन फार्मा, टाटा स्टील, टाइटन, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स और एसबीआई टॉप गेनर्स हैं। पावर ग्रिड, एलएंडटी, भारती एयरटेल, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक टॉप लूजर्स हैं। एशिया के ज्यादातर बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और बैंकॉक में तेजी है। केवल सोल और जकार्ता में ही हल्के लाल निशान में कारोबार हो रहा है। अमेरिका के बाजार गुरुवार को हरे निशान में बंद हुए थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से लार्जकैप शेयर मिडकैप की अपेक्षा काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह एक अच्छा ट्रेंड है और बाजार की मजबूत को दिखाता है। आईटी शेयरों में तेजी की वजह एक्सेंचर की ओर से आने वाले समय में अच्छे प्रदर्शन की गाइडेंस देना है।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम जीवन में खटास आएगी। अपने प्यार को खोते हुए देखना दुखद होगा, लेकिन समय के साथ समझौता एक बेहतर विकल्प की तरह लगने लगेगा।
**वृष:** आज लव लाइफ काफी मजेदार रहने वाली है। पार्टनर के साथ किया गया बवाल आपको हंसी से गुदगुदाएगा। सिंगल लोग गुपचुप तरीके से शादी करने की सोचेंगे।
**मिथुन:** आज आपका अधूरा प्यार पूरा होगा। लव लाइफ में आपको जितना सोचा था उससे ज्यादा खुशी आपको मिलेगी।
**कर्क:** प्यार की सीमाओं और सीमाओं को भूलकर आप अपने साथी को खुश रखने की पूरी कोशिश करने में सफल होंगे। सिंगल का दिल पुरानी यादों में डूबा रहेगा।
**सिंह:** आज लव लाइफ में पार्टनर की पहल का इंतजार करना गलत होगा, अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के अच्छे मौके हैं।
**कन्या:** आज दोस्तों आपके करीब रहने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। लव लाइफ में आपको खूब मजा आएगा।
**तुला:** प्यार से शादी करने का फैसला करेंगे, आने वाले समय में एक नया खूबसूरत मोड़ आएगा। दूसरों की लव लाइफ में जागेंगे भावनाएं, सपनों की दुनिया में खो जाएंगे।
**वृश्चिक:** एक्स को देखकर खुशी होगी। उससे मिलने की इच्छा जगेगी लेकिन प्यार को कलंकित नहीं करना चाहेंगे। दूसरों का प्रेम जीवन नशीले पदार्थों से भरा रहेगा।
**धनु:** आज अपने पार्टनर को खुश करने के लिए अपने दिल की बात जुबान पर लाएंगे तो मनमुटाव कम होगा। दूरियां निकटता में बदल जाएंगी।
**मकर:** आज आपका पार्टनर आपकी मर्जी के खिलाफ जाएगा और अंतरंग संबंध स्थापित करेगा। पुराने प्यार के साथ बिताए खूबसूरत पलों की यादें ताजा होंगी।
**कुंभ:** आज पार्टनर की बाहों में खूबसूरत पल बीतेंगे। एकल परिवार के सदस्यों से अपने दिल की बात कहने में देर न करें, कहीं ऐसा न हो कि शुभ मुहूर्त निकल जाए।
**मीन:** आज पार्टनर के प्यार भरे शब्द सुनकर बड़ी खुशी का पल आएगा, लेकिन प्रेम जीवन में उनका प्रदर्शन निराश करेगा।

## चुटकुले

रेलवे स्टेशन पर
बेगम: प्यास लगीं है पानी तो ला दो
शेख: क्यो ना चिकन बिरयानी खिलाऊ?
बेगम: वाह मुँह मैं पानी आ गया
शेख: बस इसी पानी से काम चला लो!!

वैलेंटाइन के दिन लड़का सुबह ही तैयार हो गया
पिता- बेटा कहां जा रहा है?
बेटा- अरे पापा, आज वैलेंटाइन डे है ना
पिता- मतलब तेरी भी गर्लफ्रेंड है?
बेटा- अरे नहीं पापा मैं तो कपल्स पर लाठी चार्ज करने जा रहा हूं

चिंटू केले खरीदने गया
चिंटू- एक केला कितने का है भाई ?
दुकानवाला- दस रुपए का है
चिंटू- चार रुपए में दे दे
दुकानवाला- चार रुपए में छिलका दूंगा
चिंटू- ये ले छह रुपए, सिर्फ केला दे दे छिलका तू रख ले

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।
- टमाटर कई अलग-अलग तरीकों से खाया जाता है, फल की तरह कच्चा होता है, कई व्यंजनों, सॉस, साल्सा, सलाद, केचप या टमाटर के सूप में संसाधित होता है।
- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर बेहतर होते हैं, टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।




दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क: के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक: मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक: राकेश यादव, विवेक भाटी

## एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले अनुभव पर राहील ने कहा

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में 'पाकिस्तान को हराना अविश्वसनीय रूप से संतोषजनक था'

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर मोहम्मद राहील ने हाल ही में चीन के हुलुनबुइर में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने उल्लेखनीय अनुभव पर विचार साझा किए हैं। अपनी पहली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में प्रतिस्पर्धा करते हुए राहील ने भारत के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका समापन फाइनल में मेजबान चीन पर 1-0 की जीत के साथ हुआ।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने पहले अनुभव के बारे में बात करते हुए राहील ने कहा, मैं अपनी पहली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का हिस्सा बनने के अवसर के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। शुरू में, मैं नर्वस और उत्साहित दोनों था, यह जानते हुए कि यह एक प्रतिष्ठित टूनामेंट था। लेकिन एक बार जब हम मैदान पर उतरे, तो मेरा पूरा ध्यान अपने प्रदर्शन पर था और टीम में योगदान देना था। मैंने पूरे अभियान के दौरान बहुत कुछ सीखा - न केवल खेल के बारे में, बल्कि इस स्तर पर टीम वर्क और लचीलेपन के महत्व के बारे में भी। राहील के लिए टूनार्मेंट का एक मुख्य आकर्षण भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के बीच मुकाबला था, जिसने प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा किया। तनावपूर्ण मुकाबले में भारत 2-1 के स्कोर के साथ विजयी हुआ। राहील ने कहा, ९पाकिस्तान के खिलाफ खेलना, खास तौर पर ऐसे उच्च-दांव वाले मैच में, वाकई अनोखा और रोमांचकारी था। पहली सीटी बजने से ही मैदान पर जोश भर गया। मैच जोरदार और आक्रामक था, लेकिन हमें अपनी तैयारी और मानसिकता पर पूरा भरोसा था। यह एक कठिन जीत थी और इतने महत्वपूर्ण मैच में पाकिस्तान को हराना अविश्वसनीय रूप से संतोषजनक था। राहील ने अपने करियर में पहली बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के महत्व पर भी विचार किया और कहा,''यह जीत उनके और टीम के लिए कितनी खास थी।'' उन्होंने कहा, ट्रॉफी जीतना ही एक ऐसा पल है जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। अपने खिताब का बचाव करना और चीन के खिलाफ रोमांचक फाइनल सहित सभी मैच जीतना, शब्दों से परे है। भारत के लिए पदक जीतने से बड़ा कोई गौरव नहीं है और अपनी पहली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में ऐसा करना इसे और भी खास बनाता है। मैं इसे अपने करियर में एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में हमेशा याद रखूंगा। दिलचस्प बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पूरे टूनार्मेंट में अपराजित रिकॉर्ड बनाए रखा और लीग चरण में चीन (3-0), जापान (5-1), मलेशिया (8-1), कोरिया (3-1) और पाकिस्तान (2-1) पर प्रमुख जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में भारत ने कोरिया को 4-1 से आसानी से हराया और फाइनल में चीन के खिलाफ कड़ी टक्कर वाली जीत हासिल की।




# बारिश ने बिगाड़ा पहले दिन का खेल, बांग्लादेश 3/107

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच का पहला दिन बारिश के नाम रहा। लंच के बाद कुछ ओवर का खेल ही हुआ था कि फिर जबरदस्त बारिश के कारण खेल संभव नहीं हो पाया। बांग्लादेश ने इस दौरान 3 विकेट खोकर 107 रन बना लिए। कल (गुरुवार) रात हुई बारिश के कारण मैदान गीला होने से सुबह के सत्र का खेल कुछ देरी के साथ शुरू हुआ। हालांकि, पहले सत्र में बारिश तो नहीं हुई लेकिन बांग्लादेश की टीम ने इस सत्र में दो विकेट गंवाए। दूसरा सत्र भी थोड़ी देरी से शुरू हुआ, इस बीच ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को आउट कर तीसरा विकेट निकाला। लेकिन इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई और पूरे मैदान को कवर से ढक दिया गया। मैच अधिकारियों ने बारिश न रूकने के संभावना को देखते हुए दिन का खेल समाप्त करने का फैसला किया। मैच के दूसरे दिन शनिवार को खेल आधा घंटा पहले शुरू होगा। सुबह भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पिछले मैच में दो विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भारत को पहली सफलता 9वें ओवर में दिलाई, जब उन्होंने जाकिर हसन को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करा दिया। जाकिर हसन ने 24 गेंदों का सामना किया लेकिन खाता नहीं खोल पाए। आकाश दीप ने शादमान इस्लाम को एलबीडब्ल्यू कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। शादमान ने 36 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 24 रन बनाए। दो विकेट 29 रन पर गिर जाने के बाद मोमिनुल हक और कप्तान शांतो ने तीसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। लंच के बाद अश्विन ने नजमुल शांतो को एलबीडब्ल्यू कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए। बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब मोमिनुल हक 81 गेंदों में 7 चौके के सहारे 40 रन और रहीम 13 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत की तरफ से आकाश दीप ने 34 रन पर 2 विकेट और अश्विन ने 22 रन पर 1 विकेट लिया।



## चेन्नइयन एफसी के घर पर मोहम्मडन एससी ने अपनी पहली आईएसएल जीत का स्वाद चखा



**चेन्नई।** मोहम्मडन एससी ने गुरुवार को चेन्नइयन एफसी के घर जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में अपनी पहली इंडियन सुपर लीग जीत का स्वाद चख लिया है। ब्लैक पैंथर्स ने आईएसएल 2024-25 मुकाबले में मेजबान चेन्नइयन एफसी को 1-0 से हरा दिया। मोहम्मडन की जीत में राइट विंगर लालरेमसंगा फनाई ने 39वें मिनट में गोल किया। लालरेमसंगा फनाई को एकमात्र गोल करने और शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। ब्लैक पैंथर्स की ऐतिहासिक जीत से रूसी हेड कोच आंद्रेई चेर्निशोव निश्चित रूप से बेहद प्रसन्न होंगे। मोहम्मडन एससी तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रा और एक हार से चार अंक लेकर तालिका में दसवें से पांचवें स्थान पर आ गई है।

अपने घर पर मरीना मचांस की अप्रत्याशित हार से स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल बेहद निराश होंगे। चेन्नइयन एफसी दो मैचों में एक जीत और एक हार से तीन अंक लेकर तालिका में पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई है। मैच का एकमात्र गोल 39वें मिनट में आया, जब राइट विंगर लालरेमसंगा फनाई ने चेन्नइयन की आत्मघाती डिफेंसिव गलती का फायदा उठाते हुए मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 1-0 की बढ़त दिला दी। दाहिने फ्लैंक पर मोहम्मडन के खिलाड़ी द्वारा अपने हाफ से लम्बे थ्रू-पास को चेन्नइयन एफसी के डिफेंडर लालडिनपुइया पचुआऊ ने सीधे क्लीयर नहीं किया और अपने गोलकीपर सामिक मित्रा को आगे बुलाकर गेंद अपने बॉक्स के अंदर सेंटर की तरफ खेल बैठे और इस गलत पास का पीछे करते हुए लालरेमसंगा फनाई गेंद तक पहुंचे और फिर उन्होंने बड़े ही इत्मीनान के साथ गेंद को सामने से बाएं पैर से गोल की दिशा दिखाकर रहा सहा काम पूरा किया जबकि गोलकीपर सामिक मित्रा द्वारा बचाव करना तो दूर, उनका दूर-दूर तक अता पता नहीं था।

सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के सेजर लोबी मानजोकी मोम्मडन स्पोर्टिंग की बढ़त को दोगुना करने से चूक गए जब वह सात मिनट के स्टॉपेज टाइम के दौरान 90+4वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल नहीं कर पाए। वह गेंद को बाहर मार बैठे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग को पेनल्टी किक के रूप में सुनहरा मौका 90+3वें मिनट में मिला, जब चेन्नइयन एफसी के डिफेंडर लालडिनपुइया पचुआऊ ने फिर से भारी गलती करते हुए स्थानापन्न स्ट्राइकर मानजोकी को अपने बॉक्स के अंदर गिराकर फाउल कर दिया और रैफरी तेजस नागवेंकर ने लंबी सीटी बजाकर पेनल्टी किक देने में कोई देरी नहीं की। लेकिन इस पर गोल नहीं हो सका।

# 'चोट अब ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप', नीरज चोपड़ा ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 टोक्यो विश्व चैंपियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह अपने मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गए हैं। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की ह्यमिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा, 'मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, लेकिन उसके लिए हमारे पास चार साल हैं।' विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाउंगा।' उन्होंने कहा, 'तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है।' भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा, 'हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे। (लेकिन) इस बार, हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।'




## ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**नई दिल्ली।** ड्वेन ब्रावो ने सीपीएल में अपने अंतिम सत्र को चोट के कारण बीच में ही छोड़ देने के बाद सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास लेने की पुष्टि की है। ब्रावो को मंगलवार को तारौबा में सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ टोबैगो नाइट राइडर्स के मैच के दौरान कमर में चोट लग गई, जब वह सातवें ओवर में सेंट लूसिया के कप्तान फाफ डु प्लेसिस का कैच लेने का प्रयास कर रहे थे। दर्द के कारण ब्रावो तुरंत खड़े होकर मैदान से बाहर चले गए और एक भी ओवर नहीं फेंका। वेस्टइंडीज के इस महान खिलाड़ी ने इससे पहले 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और आईपीएल से भी दूर हो गए थे।



ब्रावो, जिन्होंने मौजूदा सीपीएल की शुरूआत में ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी सीजन होगा, ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, ९प्रिय क्रिकेट, आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कहता हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। पांच साल की उम्र से, मुझे पता था कि मैं यही करना चाहता हूं- यह वह खेल है जिसे खेलना मेरी किस्मत में था। मुझे किसी और चीज में कोई दिलचस्पी नहीं थी, और मैंने अपना पूरा जीवन आपको समर्पित कर दिया। बदले में, आपने मुझे वह जीवन दिया जिसका मैंने अपने और अपने परिवार के लिए सपना देखा था। इसके लिए, मैं आपको पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता। पिछले 12 महीनों में, उन्होंने अपनी आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ काम किया है और उन्हें वेस्टइंडीज और यूएसए में 2024 टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान का गेंदबाजी सलाहकार भी नियुक्त किया गया था। पोस्ट में लिखा गया है, ९पेशेवर क्रिकेटर के रूप में इक्कीस साल - यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव आए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपने सपने को जी पाया क्योंकि मैंने हर कदम पर अपना 100 (प्रतिशत) दिया। मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहता हूं, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है। मेरा मन आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन मेरा शरीर अब दर्द, टूटन और तनाव को सहन नहीं कर सकता। मैं खुद को ऐसी स्थिति में नहीं रख सकता जहां मैं अपने साथियों, अपने प्रशंसकों या जिस टीम का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, उसे निराश कर सकूं।

## सचिन तेंदुलकर के नाम है सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच अवार्ड



**नई दिल्ली।** क्रिकेट में रिकार्डों के बेताज बादशाह सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे अधिक मैन ऑफ द मैच अवार्ड का विश्व रिकॉर्ड है और उनके हमवतन विराट कोहली इस रिकॉर्ड को तोड़ने के सबसे नजदीक हैं। सचिन ने 1989 से 2013 तक के अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में सर्वाधिक 664 मैच खेले हैं जिसमें उन्हें 76 बार मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला है। सचिन ने टेस्ट में 14 और वनडे में 62 बार यह पुरस्कार जीता है। सचिन वनडे में 62 बार मैन ऑफ द मैच रहकर इस मामले में विराट से काफी आगे हैं। दूसरे स्थान पर टीम इंडिया के मौजूदा महान बल्लेबाज विराट कोहली काबिज हैं। कोहली ने अपने पूरे क्रिकेट करियर में 534 मैचों में अबतक 67 बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड हासिल किया है। कोहली टेस्ट क्रिकेट में 10, वनडे में 41 और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 16 बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने हैं। विराट ने टी20 से संन्यास ले लिया है। उनके पास सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए केवल टेस्ट और वनडे क्रिकेट ही बचा है। तीसरे स्थान पर पूर्व श्रीलंकाई विस्फोटक बल्लेबाज सनथ जयसूर्या हैं।

# निशानेबाज मनु भाकर ने ट्रोलर्स पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने ओलंपिक कांस्य पदक हर जगह दिखाने पर मनु को ट्रोल किया था। मनु एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनी थीं। उन्होंने कई कार्यक्रम और प्रोमोशनल इवेंट्स में शिरकत करने के लिए प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी से ब्रेक लिया है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल करने वाले ट्रोलर्स पर निशाना साधा है। मनु ने पदकों के साथ बिस्तर बैठे एक तस्वीर पोस्ट की है जिसे उनका ट्रोलर्स को जवाब माना जा रहा है। एक पोस्ट में उन्होंने अपने सफर को बयां किया जिसमें ओलंपिक पदक जीतना भी शामिल है। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के बाद से मनु ने खेल जगत में अलग पहचान बना ली है।



दरअसल, सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने ओलंपिक कांस्य पदक हर जगह दिखाने पर मनु को ट्रोल किया था। मनु एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनी थीं। उन्होंने कई कार्यक्रम और प्रोमोशनल इवेंट्स में शिरकत करने के लिए प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी से ब्रेक लिया है। मनु ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, जब मैं 14 साल की थी, तब मैंने निशानेबाजी में करियर की शुरूआत की। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना आगे तक आ पाऊंगी। जब आप कुछ शुरू करें तो अपने सपने को पूरा करने के लिए हर संभव चीज करनी चाहिए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि यह कितना कठिन है, ध्यान केंद्रित करें।

### कोच जसपाल ने किया मनु का समर्थन

हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान मनु और उनके कोच जसपाल राणा ने ट्रोलर्स को जवाब दिया था। जसपाल ने मनु का समर्थन किया था और कहा था कि उन्होंने यह उपलब्धियां हासिल की है जिसे वह दिखा रही हैं। जसपाल ने कहा था, लोग इस बारे में बात कर रहे हैं मनु क्यों अपने पदक दिखा रही हैं। यह उनका अधिकार है, मनु ने इसे जीता है। अच्छी बात यह है कि लोग मनु को पदक के साथ देखना चाहते हैं। ओलंपिक से पहले हमें कोई कहीं नहीं बुलाता था। मनु जहां भी पदक ले जाना चाहती हैं, उन्हें ऐसा करने देना चाहिए। हमें उन पर गर्व करना चाहिए।

# पाकिस्तानी दल ने थामा भारत का झंडा, चैंपियन टीम इंडिया के साथ खिंचवाई तस्वीर

**नई दिल्ली।** दोनों देशों के बीच खेल को लेकर कट्टर प्रतिद्वंद्विता ने हमेशा फैंस का ध्यान खींचा है। चाहे वह क्रिकेट, हॉकी, टेनिस या अन्य खेल हों, जब भी दोनों देश खेल के मैदान पर आमने-सामने होते हैं, तो फैंस भी उस मैच में गजब की दिलचस्पी लेते हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय से दोनों देशों के बीच सबकुछ ठीक नहीं रहा है।

शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारत ने इतिहास रचते हुए पुरुष और महिला, दोनों टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चेस ओलंपियाड के इतिहास में भारत ने पहली बार दोनों टीम स्पधाओं में स्वर्ण जीता और एक साथ स्वर्ण जीता। भारत ऐसा तीसरा देश बना जिसने एक ही चेस ओलंपियाड में पुरुष और महिला टीम स्पधाओं में पहला स्थान हासिल किया हो। टीम इंडिया ने इस जीत का जमकर जश्न मनाया। हालांकि, सोशल मीडिया पर भारतीय टीम के जश्न का एक खास वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, बुडापेस्ट में भारतीय टीम के जश्न में पाकिस्तानी दल भी शामिल हुआ। वायरल वीडियो में पाकिस्तान की टीम के सदस्य भारत का झंडा पकड़े नजर आ रहे हैं। वह सभी भारतीय टीम के सदस्यों के साथ खड़े दिखे। पाकिस्तान के शतरंज खिलाड़ियों के ऐसा करने से सोशल मीडिया पर काफी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।



दोनों देशों के बीच खेल को लेकर कट्टर प्रतिद्वंद्विता ने हमेशा फैंस का ध्यान खींचा है। चाहे वह क्रिकेट, हॉकी, टेनिस या अन्य खेल हों, जब भी दोनों देश खेल के मैदान पर आमने-सामने होते हैं, तो फैंस भी उस मैच में गजब की दिलचस्पी लेते हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय से दोनों देशों के बीच सबकुछ ठीक नहीं रहा है। क्रिकेट में तो भारत ने पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान का दौरा तक नहीं किया है। हालांकि, पाकिस्तान की टीम पिछले साल भारत वनडे विश्व कप खेलने आई थी और तब उनका इस देश में जोरदार स्वागत किया गया था। पाकिस्तानी खिलाड़ियों का यहां खूब प्यार मिला था। हालांकि, हाल फिलहाल में कुछ विवाद देखने को मिले थे। इससे पहले भारत के खिलाफ एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के दौरान पाकिस्तान के हॉकी खिलाड़ियों का चीन का झंडा पकड़े हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो ने शतरंज की घटना के विपरीत इंटरनेट पर एक नकारात्मक भावना उत्पन्न की थी।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 सितंबर को 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला टीमों के साथ बातचीत की। भारत की पुरुष और महिला टीमों के खिलाड़ियों से पीएम अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर मिले। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे लगता है कि एक देश हर क्षेत्र और कार्यक्षेत्र में अपनी महारत और विशेषज्ञता के कारण समृद्ध होता है। यही बात देश को महान बनाती है। हमारे अंदर कुछ नया, कुछ और करने की भूख होनी चाहिए।'

पीएम ने शतरंज के खेल को बेहतर बनाने के लिए एआई के उपयोग पर शतरंज चैंपियनों से एक सवाल पूछा, जिस पर शतरंज के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने कहा, 'एआई के साथ शतरंज विकसित हुआ है। नई तक्नीक हैं और कंप्यूटर शतरंज में नए आइडियाज दे रहे हैं।' हरिका द्रोणावल्ली कहती हैं, 'यहां तक कि हमारे प्रतिद्वंद्वी भी हमारे लिए बहुत खुश थे।' शतरंज के ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती कहते हैं, 'पिछले कुछ सालों में दर्शकों ने हमारा समर्थन करना शुरू कर दिया है।' इंटरनेशनल मास्टर तानिया सचदेव कहती हैं, 'इस बार हम स्वर्ण पदक जीतने के लिए बहुत प्रेरित और दृढ़ थे।'

# हीरो महिला इंडियन ओपन 2024 में शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** भारत का प्रमुख महिला गोल्फ टूर्नामेंट, हीरो महिला इंडियन ओपन, अपने 16वें संस्करण के लिए तैयार है। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 24 से 27 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे, जिसमें मौजूदा लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) सीजन की सात विजेता और अन्य शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। 2007 में स्थापित इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 400,000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें भारतीय खिलाड़ियों की ओर से कड़ी चुनौती देखने को मिलेगी। ये खिलाड़ी 2023 के संस्करण में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे, जब तीन भारतीय गोल्फर शीर्ष 10 में थे। 2024 के संस्करण में उल्लेखनीय खिलाड़ियों में तीन पूर्व चैंपियन शामिल हैं: क्रिस्टीन वुल्फ (2019), केमिली शेवेलियर (2017) और कैरोलीन हेडवाल (2011)। इसके अलावा, 2023 और 2024 के सीजन के विजेताओं के साथ-साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। हीरो मोटोकॉर्प के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंट संजय भान ने कहा, ह्हीरो महिला इंडियन ओपन न केवल भारत का प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट है, बल्कि लेडीज यूरोपियन टूर कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें हर संस्करण के साथ टूर्नामेंट की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ते हुए देखकर गर्व होता है। हम भारत में महिला गोल्फ को बढ़ावा देने में उनके असाधारण काम के लिए भारतीय महिला गोल्फ संघ की सराहना करते हैं और लेडीज यूरोपियन टूर के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी को जारी रखने के लिए रोमांचित हैं। हम एक और रोमांचक संस्करण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हैं। दक्षिण एशिया में सबसे बड़ी महिला गोल्फ प्रतियोगिता और एशिया में सबसे प्रतिष्ठित में से एक के रूप में, हीरो विमेंस इंडियन ओपन कई चैंपियनों के लिए लॉन्चपैड रहा है। जिनमें से कई एलपीजीए सहित उच्च स्तर तक पहुंच चुकी हैं।



# देश व समाज को अधिवक्ताओं ने नयी दिशा देने का कार्य किया है : अतुल गर्ग





**करंट क्राइम, गाजियाबाद।** गुरूवार को गाजियाबाद के कानूनी एवं विधि प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक विनोद कुमार त्यागी एडवोकेट द्वारा लोहिया नगर में अधिवक्ता संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता सांसद अतुल गर्ग ने अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि देश को आजाद करने में अधिवक्ताओं ने कुशल नेतृत्व प्रदान करके एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था और देश की आजादी के बाद से भारतीय राजनीति में अधिवक्ताओं का हमेशा विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि देश को जातिवाद का जहर घोलने वाले दलों से सुरक्षित रखना होगा। धारा 370 हटाने का विरोध रखने वाले लोगों से सुरक्षित रखना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के बारे में अपशब्द बोलने वाले दलों को सबक सिखाना होगा, बंग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चुप्पी साधने वाले दलों को सबक सिखाना होगा। इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के संयोजक विनोद त्यागी ने सांसद अतुल गर्ग का आभार जताते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि अधिवक्ता साथी उप चुनाव में भारतीय जनता के प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्य करेंगे।

अधिवक्ता संवाद सम्मेलन में मुख्य रूप से गाजियाबाद बार के एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष मुनीश कुमार त्यागी, कालूराम जी, पूर्व सचिव नरेश चौधरी, पूर्व सचिव सुंदर कुमार त्यागी, वीरेश त्यागी, सुनील त्यागी, अश्विनी त्यागी, रवीश त्यागी, अजय कश्यप, राहुल त्यागी, राहुल शर्मा, राजकुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, तरुण कुमार, गुलशन कुमार, रिचिन प्रसाद, उज्जवल त्यागी, गजेंद्र त्यागी, विजय गौड, इकराम बैग, अंशुल रवि आदि सम्मानित अधिवक्ता साथियों के साथ क्षेत्रीय पार्षद कुलदीप त्यागी बिल्लु उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा का छठा दिन
## श्रीकृष्ण और रुकमणी का विवाह की अमृत वर्षा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर दो राम वाटिका में चल रह श्रीमत भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास महाराज संजय शास्त्री ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।

श्रीमद् भागवत कथा का छठे दिन सर्वप्रथम कथा वाचक द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की गणेश वंदना विधि विधान से शुभारंभ कराया। छठे दिन कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया।

कथा वाचक ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण



मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया।

गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने शादी का आंनद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुभाष सिंह, संयोजक केपी यादव, जितेंद्र चतुर्वेदी, संजय कुमार, रमेश दिक्षित, संतोष सिंह, शशि, अंजू त्यागी, संध्या सिंह, सोनी सिंह, मंजु चतुर्वेदी, काजल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में विशेष जांच अभियान चलाया, दो दिन में खाद्य पदार्थों की 48 दुकानों पर पहुंची टीम, 20 सेंपल लिए



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने शासन के आदेश पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में जनपद में विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान खाद्य कारोबारियों को एफडीए की ओर जारी फोटो पहचान पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र और लाइसेंस फूड सेफ्टी डिस्पले बोर्ड पर प्रदर्शित करने के निर्देष दिए गए। दो दिनों में जिले में खाद्य पदार्थों और जूस की कुल 48 दुकानों की जांच की गई। गर्मी एवं वर्षा के मौसम में होने वाले संचारी रोग और खाद्य जनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिले में बिना पंजीकरण के संचालित जूस की चार दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### साफ- सफाई के निर्देश दिए गए

25 और 26 सितंबर को चले विशेष अभियान के तहत जूस की दुकानों पर पहुंची एफडीए टीम ने साफ- सफाई रखे जाने के संबंध में जरूरी दिशा- निर्देश दिए और मौके पर खाद्य पंजीकरण की प्रति को चस्पा किया गया ताकि कोई भी ग्राहक पंजीकरण की प्रति देख सके और आश्वस्त हो सके जिस दुकान से वह जूस ले रहा है, उसका एफडीए में पंजीकरण कराया गया है। अभियान के दौरान कुल 20 जूस की दुकानों से जांच के लिए सेंपल लिए गए हैं।

### बिना पंजीकरण संचालित चार जूस सेंटरों पर कोर्ट केस

जिला सूचना कार्यालय से दी जानकारी के मुताबिक लोनी क्षेत्र के डीएलएफ अंकुर विहार स्थित दिल्ली जूस सेंटर, संजयनगर सेक्टर- 23 स्थित दिल्ली जूस सेंटर और बालाजी जूस सेंटर का निरीक्षण के दौरान पंजीकरण नहीं पाया गया। बिना खाद्य पंजीकरण के खाद्य कारोबार करने के कारण चार जूस सेंटर्स के खिलाफ न्याय निर्णय अधिकारी गाजियाबाद न्यायालय में वाद दायर करने कार्यवाही की जा रही है।

इसके अलवा अपर आयुक्त (प्रशासन), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र लखनऊ के आदेश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद गाजियाबाद द्वारा समस्त छोटे व्यवसायियों को जारी किए गए फोटो पहचान पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा लाइसेंस की प्रति चस्पा फूड सेफ्टी डिस्पले बोर्ड पर चस्पा की गई। फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड पर अंकित सभी दिशा- निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश एफडीए की ओर से जारी किए गए हैं।

### अभियान में ये खाद्या सुरक्षा अधिकारी रहे शामिल

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों शैलेन्द्र सिंह, मोहित कुमार, महेन्द्र प्रताप सिंह, देवांश चतुर्वेदी, विजय कुमार, प्रेमचन्द, दर्पण कुमार, अंशुल पाण्डेय, नरेन्द्र कुमार, अमित कुमार सिंह और जयपाल सिंह द्वारा विशेष अभियान के दौरान जूस की दुकानों की जांच की गई। अभियान के दौरान लिए गए सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं यदि किसी सैंपल में मिलावट या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बृज विहार में उद्योग व्यापार मंडल की बैठक
## एक समान हो अतिक्रमण की कार्यवाही



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को बृज विहार में उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी व्यपारियो ने जसवीर त्यागी अध्यक्षता में बी 9 दुआ इलेक्ट्रिकल्स पर हुई बैठक की ओर नगर निगम व पार्षद के द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ की गई, कार्यवाही पर रोष प्रकट किया गया।

व्यापारियों ने कहा कि इस तरह की कार्यवाही भविष्य मे ना हो इस पर विचार विमर्श किया गया। उद्योग व्यापार मंडल अति शीघ्र इस तरह की कार्यवाही के लिए नगर निगम में जाकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएगा।निगम कई कार्यवाही करता है तो एक दिन पहले नोटिस दे कर अपनी कार्यवाही को अंजाम दे।फिर कई व्यापारी कई शिकायतें नही करेगा। सब के साथ एक समान को अतिक्रमण की कार्यवाही।

इस अवसर पर अध्यक्ष जसवीर सिंह त्यागी, सचिव मुकेश जैन , उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी,महासचिव मुकेश जैन, सह सचिव अजय त्यागी, कोषाध्यक्ष विक्रम चौधरी, तरुण जैन, अनुज दुआ आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# पति- पत्नी पर जबरन धर्म परिवर्तन का बना रहे थे दबाव, महिला की शिकायत पर जेठ के बेटे समेत चार गिरफ्तार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि 22 सितंबर को मोदीनगर थाने में विजयनगर निवासी संगीता पत्नी अजीत सिंह ने अपने जेठ के लड़के आशु पुत्र स्व. टीटू, सास अशरफी और ससुर किशनपाल के खिलाफ धर्म परिवर्तन के लिए दवाब बनाने का मुकदमा दर्ज कराया था। तीनों अभियुक्त वर्तमान में नोएडा के सलारपुर गांव में रहते हैं। संगीता ने आरोप लगाया था कि तीनों उन्हें व उनके पति अजीत सिहं पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए धमकाते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं।



### हिन्दू संगठनों ने मौके पर पहुंच हंगामा किया था

मोदीनगर की विजयनगर कॉलोनी में एक महिला द्वारा जबरन धर्मांतरण करने का दबाव बनाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले महिला की शिकायत पहुंचे हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने हंगामा भी किया था। संगीता ने एसडीएम मोदीनगर व एसीपी मोदीनगर को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि सास, ससुर व भतीजा जबरदस्ती इसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। धर्म परिवर्तन ना करने पर आए दिन मारपीट करते हैं।

### आशु ने दवाब बनाने का जुर्म कबूला

पुलिस के मुताबिक अभियुक्त आशु ने बताया कि मेरे पिता की मृत्यु के बाद हम लोग गौतमबुद्धनगर के सलारपुर खादर में जाकर रहने लगे और ईसाई धर्म अपना लिया था। मेरी चाची संगीता तथा चाचा अजीत सिंह मोदीनगर की विजयनगर कालोनी में पैत्रक मकान में रहते हैं। मेरा, मेरी दादी अशरफी और दादा किशनपाल का मोदीनगर आना झ जाना लगा रहता है। हम लोग अपने चाचा अजीत सिंह व चाची संगीता को भी ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बना रहे थे, जिसमें मेरे साथी पोलूस, पास्टर रासी बालियार सिंह व छद्दु कुमार शाह भी सहयोग कर रहे थे।

### आरोपी जेठ के लड़के समेत चार गिरफ्तार

डीसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर थाना मोदीनगर पुलिस के द्वारा अभियुक्त आशु पुत्र स्व. टीटू, पोलूस मसीह पुत्र स्व. देवपति मसीह निवासी मोदीपोन कालोनी, मोदीनगर, पास्टर रासी बलियार सिंह पुत्र किरण चन्द्र बलियार सिंह मूल निवासी उड़ीसा हाल पता सलारपुर खादर- नोएडा और छद्दु कुमार शाह पुत्र सरजू शाह निवासी सलारपुर, नोएडा को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गुस्साए लोगों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया, जेसीबी और चालक को बना लिया बंधक

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** यूं तो नगर निगम के द्वारा शहर को साफ सुथरा बनाने के दावे किए जा रहे हैं, कूड़ा निस्तारण पर निगम के द्वारा एक मोटी रकम खर्च की जा रही है, लेकिन असल स्थिति यह है कि कूड़ा न उठने और जगह जगह कूड़े के लगे ढेर से उठने वाली दुर्गंध के चलते लोगो का गुस्सा बढ रहा है। नाराज लोगों ने शुक्रवार को नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही कूड़े को हटाने पहुंची बुलडोजर की चाबी छीन चालक को भी बंधक बना लिया। गुस्साए लोगों ने अधिकारियों के आश्वासन के बाद चाबी दी व बुलडोजर को ले जाने दिया गया।



### पूर्व पार्षद के हस्तक्षेपर मुक्त हुई जेसीबी

निगम के पूर्व पार्षद सरदार सिंह भाटी के हस्तक्षेप के बाद जेसीबी चालक मुक्त हो सका। पार्षद अक्सर कूड़ा निस्तारण के नाम पर नगर निगम में बड़ा खेल चलने का आरोप लगाते रहते हैं। पार्षदों का कहना है कि अधिकारी साफ- सफाई के नाम केवल निजी कंपनियों को आर्थिक लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

### दुर्गंध से परेशान होकर सड़क पर उतरे लोग

हिंडनपार के वार्ड 37 के अंतर्गत आने वाली गरिमा गार्डन की 80 फुटा रोड से कूड़ा न उठने की समस्या से गुस्साए इलाके के लोग शुक्रवार को सड़क पर उतर आए और निगम के जेसीबी चालक को बंधक बना लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बीते कई वर्ष से यहां कूड़ा डाला जा रहा है। इसकी दुर्गंध से यहां रहना भी दूभर हो गया है। घर से निकलते ही कूड़े के ढेर का सामना करना पड़ता है।

### करीब 15 दिन से नहीं हुआ कूड़े का उठान

करीब 15 दिन से कूड़े का उठान नहीं हुआ, इसलिए स्थिति और बदतर हो गई। करीब आठ से 10 फीट ऊंचा कूड़े का ढ़ेर लग गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना था कि यह रोड दिल्ली एवं यूपी सीमा से लगी है तथा रोड से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, उसके बावजूद सड़क पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं और स्वच्छ भारत अभियान को चिढ़ाते रहते हैं।

### डंपिंग ग्राउंड बनाने से लोगों में रोष

क्षेत्र के लोगों का कहना था कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 80 फुटा रोड को डपिंग ग्राउंड में तब्दील कर दिया गया है। विभिन्न वार्डो से निकलने वाले कूड़े को यहां लाकर डाला जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों का बीमार पड़ने का खतरा बढ गया है। नगर निगम अधिकारियों को लगातार अवगत कराने के बावजूद भी सनवाई नहीं हो रही है।

# लिंक रोड थाना क्षेत्र में युवक की बेरहमी से हत्या, सड़क किनारे पड़ा मिली शव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लिंक रोड थाना क्षेत्र के महाराजपुर में ईदगाह के सामने युवक की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। शव सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि बीती रात करीब सवा 12 बजे गश्त कर रही पुलिस को सड़क किनारे लहूलुहान हालत में एक युवक का शव मिला। सूचना पर वह और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम को साक्ष्य एकत्र करने के लिए बुलाया गया। युवक के सीने पर बाई और धारदार हथियार से घाव का निशान था। मृतक की पहचान महाराजपुर में किराए पर रहने वाले भानु के रूप में हुई।

# गाजियाबाद में बनने वाले बस अड्डे को लेकर आया बड़ा अपडेट



**करंट क्राइम।** गाजियाबाद बस अड्डे के परिसर में पेड़ों के काटने का कार्य शुरू हो गया है। अगले एक सप्ताह में सभी पेड़ों को काटने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पेड़ कटने के बाद निर्माण कंपनी तेजी से कार्य करा सकेगी। गाजियाबाद बस अड्डे का निर्माण पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के अंतर्गत ओमेक्स कंपनी कर रही है। बस अड्डे का निर्माण हवाई अड्डे की तर्ज पर करीब 61 करोड़ के बजट से हो रहा है। अड्डा के परिसर में छोटे- बड़े करीब 25 पेड़ होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा था।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। नगर में राम उत्सव की शुरूआत हुई। गणपति शोभा यात्रा में कांग्रेस नेता सुशांत गोयल के साथ इशांक गर्ग,इशू गर्ग और विनय सिंघल खास उत्साह के साथ रहे। सुशांत गोयल ने इस पल को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गाजियाबाद से हटेगा अतिक्रमण का जाल, एआई के जरिए अवैध निर्माण को पकड़ा जाएगा; जीडीए ने कर ली तैयारी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अवैध निर्माण पर नजर रखने के लिए जीडीए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करेगा। इसके लिए सॉफ्टवेयर डेवलप किया जा रहा है। जीडीए की कॉलोनियों में या 500 वर्ग मीटर के भूखंड पर यदि कोई अवैध निर्माण करेगा तो तो वह पकड़ा जाएगा।

जीडीए ने एचडीएफसी से करार किया है। अगले माह सॉफ्टवेयर काम करने लगेगा। विकास प्राधिकरण के आठ जोन हैं, जिनमें सैटेलाइट के जरिए संपत्तियों की मैपिंग आरंभ की गई है। क्षेत्रवार तस्वीर के साथ डाटा तैयार कर एआई तकनीक से अवैध निर्माण पर लगाम कसने की तैयारी है। जीडीए को आए दिन प्रत्येक जोन में होने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतें मिलती हैं।

# पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन ने बच्चो को बांटे उपहार

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड 34 जी ब्लॉक बेसिक प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक मीटिंग का आयोजन कुया गया। मुख्यातिथि हाजी मो कल्लन का प्रधानाचार्य जाकिर हुसैन ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके ओर पूर्व पार्षद ने विद्यार्थियों को



उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। होने कहा कि सभी बच्चे मन से पढ़ाई करे कई डॉक्टर, इंजीनियरिंग बन कर देश का नाम रोशन करेंगे तो माता-पिता को आप पर गर्व होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जाकिर हुसैन, मास्टर आरिफ भाई, मो अजीम मंसूरी वही बच्चों के माता-पिता मौजूद रहे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शुक्रवार की सुबह अचानक ही मेयर सुनीता दयाल के आवास के पास लगा एक नीम का पेड़ अचानक ही गिर गया। बड़ा पेड़ विद्युत की तारो पर गिर गया लेकिन गनीमत रही कि उस समय कोई आस पास नही था तो कोई जनहानि होने से बच गई। पेड़ अचानक गिरने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट में एक बच्चे की मौत

## 25 पुलिसकर्मी घायल, लाहौर में स्कूल की छत गिरी, पुलिस थाने की पहली मंजिल पर स्थित डिपो के अंदर शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ विस्फोट





**इस्लामाबाद :** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार को एक पुलिस थाने में जबर्दस्त विस्फोट हुआ, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं।

यह घटना पेशावर से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्वाबी पुलिस थाने में हुई। केंद्रीय पुलिस कार्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, विस्फोट पुलिस थाने की पहली मंजिल पर स्थित डिपो के अंदर शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ। बचाव और अग्निशमन दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों को बाचा खान मेडिकल अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं और इमारत का ऊपरी हिस्सा ढह गया है। इमरान खान का पार्टी नेताओं को निर्देश- सरकार के साथ न करें बातचीत अदियाला जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने पार्टी नेतृत्व को निर्देश दिया कि वह सरकार के साथ सभी तरह की बातचीत तुरंत बंद करे। उन्होंने कहा कि ऐसी बातचीत केवल उनके विरोधियों को मजबूत करती है। खान ने यह बात बुधवार को जेल में मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ बातचीत करने का मतलब ही नहीं है। जितना हम पीछे हटेंगे, उतने ही हम कुचले जाएंगे। यह नीति किसी संस्थान की नहीं, बल्कि थर्ड अंपायर की है।

जब उनसे पीटीआई के नेता अली अमीन गंडापुर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गंडापुर सहित पार्टी के नेतृत्व सरकार सरकार के साथ बातचीत न करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, बाजवा के समय में हमें कहा गया कि मध्यस्थ (न्यूट्रल) के बारे में बात न करें जितना ही हम पीछे हटेंगे, वे हमें कुचलेंगे। यह थर्ड अंपायर की नीति है, न कि किसी संस्थान की। खान ने अपने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें लगता था कि मैं (जेल के अंदर) टूट जाऊंगा और एकांत में नहीं रह पाऊंगा। मैंने 21 से 22 घंटे एकांत में बिताए हैं। गर्मी में इतना पसीना बहता है कि मेरे कपड़े खराब हो जाते हैं।

वे नहीं जानते कि एक खेल के खिलाड़ी की ट्रेनिंग कैसी होती है।

### लाहौर: स्कूल की छत गिरने से एक की मौत, 10 घायल



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक स्कूल की छत गिरने से एक 14 वर्षीय छात्र की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गोए। घटना मुजफ्फरगढ़ जिले में हुई, जो लाहौर से करीब 350 किलोमीटर दूर है। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना उस समय हुई, जब वेसंदीवाली गांव के अलीगढ़ पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र अपनी क्लास में मौजूद थे। अचानक छत गिरने से 11 छात्र मलबे में दब गए। घटना की सूचना मिलते ही बचाव कर्मी मौके पर पहुंचे और घायल छात्रों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने पर एक छात्र मोहम्मद अहमद ने अपनी चोटों के कारण दम तोड़ दिया।

# सबसे लंबे समय तक मौत की सजा पाने वाले कैदी की 45 साल बाद हुई रिहाई, हत्या के मामले में बरी



**टोक्यो ।** जापान में सबसे लंबे समय तक मौत की सजा काटने वाले एक व्यक्ति को आखिरकार रिहा कर दिया गया। अदालत ने 88 साल के इवाओ हाकामाडा को निर्दोष मानते हुए आरोपों से बरी करने का आदेश दिया। इवाओ हाकामाडा पर साल 1966 में चार लोगों की हत्याओं का आरोप था। गौरतलब है कि इवाओ हाकामाडा को करीब 45 साल पहले मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से उसकी मौत की सजा टलती रही। ऐसे में साल 2014 में इवाओ हाकामाडा का नाम सबसे लंबे समय तक मौत की सजा काटने वाले कैदी के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया था।

जापान को शिजुओका जिला न्यायालय ने इवाओ हाकामाडा को दोषमुक्त करार दिया। इवाओ हाकामाडा की देखभाल उसकी बहन करती है। अदालत के आदेश पर खुशी जाहिर करते हुए इवाओ हाकामाडी की बहन हिदेको हाकामाडा ने कहा कि 'जब मैने टीवी पर अदालत का आदेश सुना तो मैं बहुत भावुक हो गई और मेरी आंखों से आंसू बहते रहे।' दरअसल जिन सबूतों के आधार पर इवाओ को मौत की सजा दी गई थी, उन पर संदेह के चलते साल 2014 में इवाओ हाकामाडा के मामले पर फिर से सुनवाई शुरू हुई थी।

### पूर्व बॉस और उसके परिवार की हत्या का था आरोप

इवाओ हाकामाडा एक पूर्व बॉक्सर है और उस पर अपने पूर्व बॉस और उसके परिवार की चाकू घोंपकर हत्या करने और उनके घर को जलाने का आरोप था। मामले के ट्रायल के दौरान इवाओ हाकामाडा ने अपना अपराध स्वीकार भी कर लिया था, लेकिन बाद में इवाओ ने अपना बयान वापस ले लिया और आरोप लगाया कि पुलिस के दबाव में उसने बयान दिया था।

इवाओ को साल 1968 में मौत की सजा सुनाई गई थी और साल 1980 में जापान के सुप्रीम कोर्ट ने भी इवाओ की मौत की सजा बरकरार रखी थी।

# 'अमेरिका इतिहास के सबसे खराब सीमा संकट का सामना कर रहा', डोनाल्ड ट्रंप का कमला हैरिस पर निशाना



**वॉशिगटन।** रपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि करीब चार साल से अमेरिका दुनिया के इतिहास में सबसे खराब सीमा संकट का सामना कर रहा है। गुरुवार को डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अमेरिका-मेक्सिको सीमा का दौरा किया था। उसके बाद ही ट्रंप ने यह बयान दिया है। गौरतलब है कि ट्रंप जिन मुद्दों को लेकर बाइडन-कमला हैरिस की सरकार को घेर रहे हैं, उनमें अवैध प्रवासियों का मुद्दा सबसे अहम है।

### 'बीते चार वर्षों में सीमाओं को पूरी तरह नष्ट कर दिया

शुक्रवार को न्यूयॉर्क में मीडिया से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'करीब चार साल से हम दुनिया के इतिहास में सबसे खराब सीमा संकट से गुजर रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, इसने हमारी धरती पर पीड़ा, दुख ला दिया है। इस विनाश की सूत्रधार कमला हैरिस हैं।' ट्रंप ने कहा कि 'जब आप बीते चार वर्षों को देखते हैं, तो उन्होंने सीमा को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। वह अब सीमा पर क्यों जा रही हैं। उन्होंने जो किया है कोई उसे अच्छा नहीं बता रहा। उन्होंने शायद किसी भी सीमा के इतिहास में सबसे खराब काम किया है। 'कमला हैरिस के पास सीमा संकट से जूझने की कोई योजना नहीं' ट्रंप ने कहा कि 'कमला हैरिस के पास सीमा संकट से जूझने की कोई योजना नहीं है, न ही उनके पास ऐसा करने की क्षमता है। कॉमरेड कमला हैरिस ने जानबूझकर हमारी सीमा खोली, जिससे हमारे देश को लगभग तबाह करने में मदद मिली।

### भारत-चीन मतभेद मिटाने में सक्षम चीनी रक्षा मंत्रालय का बयान

**बीजिंग।** चीन के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन और भारत पूर्वी लद्दाख में जारी गतिरोध को समाप्त करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने कहा, दोनों देश टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को हटाने व सभी मतभेदों को मिटाने के लिए बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए हैं। झांग ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन और भारत राजनयिक और सैन्य चैनलों के जरिए



से एक-दूसरे के साथ बीते कछ दिनों से लगातार बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में चीन के विदेश मंत्री और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच हुई वार्ता का भी जिक्र किया।

# सुरक्षा परिषद को पारदर्शी और लोकतांत्रिक बनाने के लिए तुरंत सुधार की जरूरत, विदेश मंत्रालय का बयान



**न्यूयॉर्क ।** विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने कहा कि 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को अधिक पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनने के लिए तत्काल सुधार की जरूरत है। तन्मय लाल ने यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रम 'लीडरशिप फॉर पीस' के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दुनिया विनाशकारी सशस्त्र संघर्षों से जूझ रही है और यूएनएससी की मौजूदा प्रतिक्रिया अपर्याप्त है, जो इन संघर्षों को रोकने या हल करने में विफल रही है।

तन्मय लाल ने कहा कि 'गंभीर सशस्त्र संघर्ष हमारी परस्पर जुड़ी दुनिया में अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को प्रभावित कर रहे हैं और वर्तमान यूएनएससी ऐसे संघर्षों को समाप्त करने या रोकने, आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराधों से निपटने और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में गंभीर रूप से विफल हो रही है।' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को सुरक्षित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को आठ दशक पहले एक अलग युग में गठित किया गया था, उस वक्त आज के संयुक्त राष्ट्र के तीन-चौथाई सदस्य देश उपनिवेश थे, लेकिन अब समय बदल गया है, दुनिया आगे बढ़ गई है। उन्होंने कहा, 'यूएनएससी को प्रतिनिधि, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनना होगा।'

### पाकिस्तान को दिखाया आईना

लाल ने अपने भाषण के दौरान आतंकवाद के कथित समर्थन के लिए पाकिस्तान की भी आलोचना की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस तरह की कार्रवाइयों की निंदा करने की जरूरत बताई।

उन्होंने कहा, उनका (पाकिस्तान) आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र, वैश्विक आतंकवादियों को प्रशिक्षण और शरण देने का समर्थन करता है। यह सही समय है कि पाकिस्तान अपने लोगों के लिए काम करना शुरू करे। अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आतंक का निर्यात कभी सफल नहीं हो सकता।

# जयशंकर ने वठ प्रमुख गुटेरेस और यू एन जी ए के अध्यक्ष यांग से की मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा



**वॉशिगटन ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से यहां अलग-अलग मुलाकात की। उन्होंने यांग के विविधता में एकता, शांति और मानव निरंतरता के दृष्टिकोण का समर्थन किया। साथ ही पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष जैसे वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की।

बता दें, जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचे हुए हैं। उन्होंने गुरुवार को इस सत्र से इतर गुटेरेस और यांग से मुलाकात की।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से बातचीत करना हमेशा खुशी की बात होती है।

मुलाकात के दौरान भविष्य के लिए समझौता, बहुपक्षवाद में सुधार, एआई, जलवायु कार्रवाई, पश्चिम एशिया और यूक्रेन पर चर्चा की।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का वादा

विश्व के नेताओं ने रविवार को सर्वसम्मति से 'भविष्य का समझौता' पारित किया। साथ ही 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का वादा किया और इसे अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को पहचाना। इसके अलावा, सुरक्षा परिषद के विस्तार करने पर भी सहमत हुए ताकि वह वर्तमान संयुक्त राष्ट्र सदस्यता का अधिक प्रतिनिधित्व करे और समकालीन दुनिया की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करे। क्या बोले विदेश मंत्री? जयशंकर ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से न्यूयॉर्क में आज मिलकर खुशी हुई।

हमने इस दौरान उन्हें विविधता, शांति, मानव स्थिरता और गरिमा में एकता के उनके दृष्टिकोण के लिए भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने में भारत की सराहनीय भूमिकाः यांग यांग ने भी एक्स पर जयशंकर के साथ हुई मुलाकात के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने ग्लोबल साउथ के हितों को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका की सराहना की। यूएन महासभा के अध्यक्ष ने कहा, 'मुझे आज भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का स्वागत करते हुए खुशी हुई। हमने यूएनजीए के 79वें सत्र के लिए प्राथमिकताओं और प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की और भविष्य के शिखर सम्मेलन के नतीजों पर बात की।

मैंने ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने में भारत की भूमिका की भी सराहना की।' इन लोगों से भी की मुलाकातइस बीच, संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र से इतर उन्होंने बेलारूस के विदेश मंत्री मक्सिम झेनकोव से भी मुलाकात की और स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी में संभावनाओं और आर्थिक संबंधों को गहरा करने पर चर्चा की।

इसके अलावा, जयशंकर ने अपने रोमानियाई समकक्ष लुमिनिता ओडोबेस्कू से मुलाकात की और पर्यटन, रक्षा और गतिशीलता में हमारी बढ़ती द्विपक्षीय व्यस्तताओं का जायजा लिया। वहीं, अपने स्वीडिश समकक्ष मारिया मालमर स्टेनगार्ड के साथ भी बैठक की।

# पश्चिमी सुमात्रा में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण ढह गई सोने की खदान

## 5 लोगों की मौत लापता लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे





**नई दिल्ली :** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण एक अवैध सोने की खदान ढहने से 15 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। बचावकर्मी सात लापता लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इंडोनेशिया में अवैध खनन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनता रहा है। यहां खनिज संसाधन दूरदराज इलाकों में स्थित है।

प्रांतीय आपदा एजेंसी के प्रमुख इर्वान इफेंदी ने कहा, गुरुवार की शाम को सोलोक जिले में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण अवैध सोने की खदान ढह गई। बचाव कर्मियों को घटनास्थल पर पहुंचने में आठ घंटे लग गए, क्योंकि सड़क मार्ग से यहां पहुंचना मुश्किल था। उन्होंने आगे बताया कि पीड़ित स्थानीय निवासी हैं, जो हाथों से ही नन करते हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा कि खदान ढहने के समय वहां 25 लोग मौजूद थे, जिनमें से 15 की मौत हो गई। खदान ढहने से तीन घायल भी हुए और सात लापता हैं। लापता लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस और सैन्य कर्मियों ने अभियान चलाया।

### नेपाली उप प्रधानमंत्री ने चीनी समकक्ष से की मुलाकात

**बीजिंग ।** नेपाल के उप प्रधानमंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल ने अपने चीनी समकक्ष डिंग शुएशियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं के लागू करने सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर



चर्चा की। सामूहिक रूप से काम करने की आवश्यकताः पौडेल पौडेल चीन की छह दिवसीय यात्रा पर गए हुए हैं। वह शनिवार को काठमांडू लौटेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नेपाल के वित्त मंत्री पौडेल ने गुरुवार की चर्चा के दौरान दोनों सरकारों के बीच हुए समझौतों को लागू करने में तेजी लाने के लिए सामूहिक रूप से काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# जेलेंस्की ने की बाइडन-हैरिस से मुलाकात यूक्रेन की विजय योजना के विवरण पर हुई चर्चा



**वॉशिगटन।** रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेन की विजय योजना के विवरण पर चर्चा के लिए राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी के समर्थन के लिए ाभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस युद्ध की शुरूआत से ही अमेरिका यूक्रेन के साथ खड़ा है। व्हाइट हाउस में यह बैठक यूक्रेन के लिए एक नए पैकेज और 80 लाख रुपये की सहायता की घोषणा के बाद हुई।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात के दौरान मैंने उनके सामने जीत की योजना पेश की। इस यौजना को मजबूत करने को लेकर हमने चर्चा की। हमने अपने विचार और दृष्टिकोण साझा किए। उन्होंने आगे कहा, मुझे खुशी है कि रूस के साथ युद्ध की शुरूआत के समय से ही यूक्रेन और अमेरिका एकसाथ खड़ा है। आपकी दृढ़ संकल्प हमें मजबूत बनाने के लिए अविश्नीय रूप से महत्वपूर्ण है।

### बाइजन बोले-यूक्रेन की होगी जीत

राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

उन्होंने यह भी कहा कि रूस के साथ इस युद्ध में यूक्रेन की जीत होगी। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, आज राष्ट्रपति जेलेंस्की और मैं युद्ध के मैदान में यूक्रेन की स्थिति को मजबूत करने पर फिर से चर्चा के लिए बैठे। दो चीजें स्पष्ट हैं, इस युद्ध में यूक्रेन की जीत होगी और अमेरिका हर कदम पर यूक्रेन के साथ खड़ा होगा।कमला हैरिस के साथ भी हुई चर्चा जेलेंस्की ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ भी विजय योजना पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर कहा, मैंने विजय योजना के विवरण को उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ साझा किया।




# धूमधाम से मनाया गया शिवाय का 5 वां जन्मदिन



गाजियाबाद करंट क्राइम। कविनगर में स्थित बैंकेट हॉल में शिवाय का 5वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं देने के लिए समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने शिवाय को उनके जन्मदिन पर शुभ आशीर्वाद शुभाशीष और बधाई दी। इस अवसर पर मदन सिंह, राहुल शिवाच तथा परिवार के सदस्यों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उनका स्वागत किया।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय शकुंतला गुप्ता को दी श्रद्धांजलि



गाजियाबाद करंट क्राइम। व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मनोज गुप्ता की माता शकुंतला गुप्ता का 17 सितंबर को निधन हो गया था। उनकी शोक सभा 27 सितंबर को वोल्गा पैलेस में आयोजित की गई। समाज के गणमान्य लोगों ने शोक सभा में शामिल होकर स्वर्गीय शकुंतला गुप्ता को श्रद्धांजलि दी।




## उठते सवालों का करंट

दीपक भाटी, समाचार सम्पादक

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गुरुजी की आजकल खूब हो रही है नदिया पार में फिटिंग? पता चला है आजकल वो खूब कर रहे हैं बिरादरी के मेंबरों के साथ मीटिंग? शह और मात का बैठता है रोज गेम, लगता है करने वाले हैं वो बहुत बड़ा क्लेम? सुना है मेंबर चौहान के आवास पर बिछती है रोज बिसात? ना जाने क्या असर दिखाएगा गुरुजी का अगला दांव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** रामजी के मन में निवास करने वाले भगवा पार्षद की आजकल बदल गई है टोन? सुना है उन्होंने जनता के उठाने बंद कर दिये हैं फोन? सुना है क्षेत्र में इस तरह की चचाएं हर जगह सुनाई दे रही है यार? कहने वाले कह रहे हैं हमने शायद गलती से दे दिया उनको जनाधार? कमियां तो वो भी चेहरे निकाल रहे हैं जो बताते हैं खुद को पार्षद जी का रिश्तेदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मेंबर ने कुछ इस तरह अपनी राय को अपने दोस्तो में परेसा? कहा सच बताऊं मेरा तो उठ गया है ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि और विधायक जी से भरोसा? मैंने जब भी बताया है उनको अपने काम? उन्होंने कभी नहीं किया है मेरी समस्या का समाधान? केवल बड़े अधिकारी ही पूरी करते हैं मेरी सारी आस? मेरे क्षेत्र में जितना भी विकास हो रहा है वो है बस चौधरी साहब का ही प्रताप?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** रोड़ा वाले एरिया में हो रही है एक चर्चा आम? कहने वाले कह रहे हैं कि हमारी इस बात पर नजर है कि देवर और भाभी में से कौन देगा मजबूत सदस्यता का पैगाम? कहने वाले ने कहा काफी दिनों से हम देख रहे हैं भाटी दीदी के तेवर? वो हर कार्यक्रम में दे रही हैं मजबूत संदेश, बिना लिये किसी का फेवर? वैसे क्षेत्र में मजबूत बताए जाते हैं उनके देवर? मगर मामला सदस्यता का है? देखना अब ये है इन दोनों में से कौन देगा मजबूत पैगाम? सदस्यता में टॉप पर आएगा उनमें से किसका नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निर्विरोध चुनाव जीतकर मेंबर राजकुमार भाटी ने कराया है अपनी ताकत का एहसास? 99 में से वो 100वें ऐसे पार्षद हैं जिनके सामने नहीं लड़ा था कोई चुनाव? अब देखना ये है कि पार्षद नंबर वन का सदस्यता अभियान में क्या रहेगा किरदार? क्या वो इस मामले में भी सबसे टॉप पर रहेंगे? या फिर डाल देंगे अपने हथियार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मेंबर उपाध्याय का सदस्यता अभियान को लेकर देखते ही बन रहा है जुनून? सुना है वो विधायक और मंडल अध्यक्ष के सदस्यों का टारगेट पूरा करने के लिये हो गये हैं इतने ज्यादा एक्टिव, कि बिल्कुल भी नहीं ले रहे हैं सुकून? अपनी सदस्यता से ज्यादा वो उन दोनों की सदस्यता पर दे रहे हैं ध्यान? समर्थक तो हमने बहुत देखे हैं मगर सच बताएं, ऐसा समर्थक आज तक हमने नहीं देखा श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कश्यप जी का यूपी गेट पर आरक्षण वाले मुद्दे पर आंदोलन रहा बहुत शानदार? हमने देखा यहां पर ओबीसी चेहरों के साथ-साथ सामान्य बिरादारी वाले चेहरे भी आरक्षण पर लगाव दिखा रहे थे जोरदार? वो पूरी ताकत से दे रहे थे आरक्षण वालों का साथ? कहने वाले ने कहा हम निगम चुनाव के टिकट वितरण में भी ऐसी महोब्बत देखना चाहते हैं साहब? हमें पता है जब आरक्षण की बारी आएगी, तब सामान्य चेहरे नहीं करेंगे कोई रोक-टोक? जब सामान्य सीट पर कोई आरक्षित चेहरा टिकट मांगेगा तो फिर पूरी ताकत से करेंगे ये उसका सपोर्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पांच हजार की सदस्यता को ब्लॉक करने वाले राजीव त्यागी बन गये हैं सभी जनप्रतिनिधियों में प्रमुख? सुना है भगवा कमांडर उनकी इस परफोरमेंस से हो गए हैं बहुत ज्यादा खुश? सुना है कमांडर ने अब त्यागी जी को पांच हजार और सदस्य बनाने का दे दिया है काम? सामने से त्यागी जी ने रेस्पोंस काफी पॉजीटिव दिया है? कहा है पांच हजार तो क्या हम आपके लिये दस हजार और सदस्य बना देंगे श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मान लो कि अगर हो जाए कमांडर का टिकट तो फिर उनके चुनाव लड़ने पर कौन पहुंचेगा अध्यक्ष पद के निकट? सुझाने वाले ने सुझाए इस बात पर चार नाम? कहा अगर ऐसा होता है तो वरीयता का रखा जाना चाहिए ध्यान? महामंत्री राजेश त्यागी और उपाध्यक्ष बोबी त्यागी करते हैं इस कैटेगरी में ज्यादा डिजर्व? सुशील भैया का भी मामला होना चाहिए रिजर्व? वैसे हमें पता है इस मद्दे पर परवान चढ़ेगा पहलवान का नाम? ये सभी चेहरे वो हैं जो मजबूती से देख रहे हैं संगठन का काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें कैबिनेट मंत्री के भाई अजय भैया का लगता है बहुत ही हटकर किरदार? हमें बहुत ही अच्छा लगता है किरदार? वो कभी नहीं करते हैं अपनी सीमा पार? राजनीतिक गतिविधियों से वो खुद को रखते हैं बहुत दूर? हमने कभी उनको किसी भी तरह की पॉलीटिकल दखलअंदाजी करते हुए नहीं देखा है हुजूर? नहीं करते हैं वो कभी अपने भाई के नाम का किसी काम को लेकर प्रयोग? बहुत कम दिखाई देता है राजनीति में इस तरह योग?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**